#HamaraTiranga हमर तिरंगा
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
हर घर तिरंगा
Azadi Ka Amrit Mahotsav

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, गुरुवार 11 अगस्त 2022, शुक्ल पक्ष चार्तुदशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-166 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए, क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।

आज बेबाक

कपड़ों की तरह निष्ठा बदलने वाले दलबदलुओं के लिए आया राम, गया राम नामक मुहावरे का उपयोग होता था। अब समय बदल गया है इसलिए इस मुहावरे के विकल्प की तलाश हो रही थी। जो अब पूरी हो गई है। अब आया राम, गया राम की जगह आया नीतीश, गया नीतीश बोला जाएगा। पलटी मारने के मामले में सभी दलबदलुओं को पछाड़ने वाले नीतीश कुमार का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होना चाहिए। एक बार भी उनकी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला लेकिन बैसाखी के सहारे वे आंठवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके है। है न चमत्कार।

सूर्योदय

उदय : 5:51 प्रात:

अस्त : 7:00 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,966,536,697

भारत : 1,409,140,571

बाजार

सेंसेक्स : 58817.29

निफ्टी : 17534.80

गोल्ड : 51,870 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 58,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 3.51 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	25.5	23.9
बिलासपुर	26.8	24.6
जगदलपुर	23.8	21.6
अंबिकापुर	28.3	23.2

आज का दिवस

अमर बलिदानी खुदीराम बोस का बलिदान दिवस : भारत को महान तरुण क्रांतिकारी अमर खुदीराम बोस का 11 अगस्त को बलिदान दिवस है। भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास में सबसे कम उम्र में अपने प्राणों की आहुति देने में खुदीराम बोस का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा है।

शुभकामनाएं

रक्षाबंधन पर्व पर दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र समूह की ओर से समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

अवकाश सूचना

आज 11 अगस्त 2022 दिन गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर दैनिक नवप्रदेश कार्यालय और प्रेस में अवकाश रहेगा। अगला अंक 13 अगस्त को प्रकाशित होगा।

- प्रबंध संपादक

बीजेपी से दलों का टूट रहा भरोसा, छग भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं : भूपेश

■ **झारखंड रवाना हुए सीएम, आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में होंगे शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब एनडीए से दूसरे व क्षेत्रिय दलों का भरोसा टूट रहा है। उनके ही गठबंधन के जो साथी हैं, एक-एक कर साथ छोड़कर जा रहे हैं। इसे 2024 में सत्ता परिवर्तन के लिए संकेत बताया। वहीं छत्तीसगढ़ बीजेपी को लेकर कहा कि यह सब कुछ ठीक नहीं है। दरअसल, सीएम बघेल एक दिन के दौरे पर झारखंड रवाना हो गए हैं। रवाना होने से पहले उन्होंने एयरपोर्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आदिवासी महोत्सव के समारोह में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने गए हैं। वे वहां मुख्य अतिथि होंगे। दो दिनों का यह महोत्सव 9 अगस्त को शुरू हुआ था। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत शोरेन उन्हें उद्घाटन समारोह में ही बुला रहे थे, लेकिन विश्व आदिवासी दिवस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के बाद अब नेता प्रतिपक्ष का बदलेगा चेहरा!

दिल्ली पहुंचे कौशिक, चंदेल, चंद्राकर व शिवरतन के नाम पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भाजपा में सियासी उथल-पुथल मचा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को बदले के बाद अब नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को भी बदलने की सियासी चर्चाएं शुरू हो गई है। मंगलवार को विष्णुदेव साय की जगह सांसद अरुण साव की ताजपोशी हुई, तभी से इस बात की अटकलें लगाई जा रही है कि नेता प्रतिपक्ष का चेहरा भी बदला जा सकता है। दरअसल, नए प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक एक ही जिले से आते हैं, इसलिए भी यह पद किसी दूसरे जिले के नेता को देने की बात कही जा रही है। अटकलों के बीच ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संगठन महामंत्री के दौरे के बाद हलचल तेज

भाजपा के छत्तीसगढ़- मध्य प्रदेश क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के 3 दिवसीय दौरे के बाद छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में उथल-पुथल का दौर शुरू हुआ है। संगठन महामंत्री जामवाल ने बैठक में छग के नेताओं से 2018 विस चुनाव में मिली करारी हार का कारण पूछा था। इसके बाद दंतेवाड़ा, मरवाही और खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में भी करारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नीतीश 8वीं बार बने सीएम

तेजस्वी ने शपथ के बाद लिया चाचा का आशीर्वाद

पटना (ए)। नीतीश कुमार ने 8वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पटना स्थित राजभवन में राज्यपाल फागू चौहान ने बुधवार दोपहर में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने भी मंत्री पद की शपथ ग्रहण की है। वे दूसरी बार राज्य के डिप्टी सीएम बने हैं। महागठबंधन की नई सरकार में मंत्रिपरिषद का गठन बाद में किया जाएगा। शपथ लेने के बाद तेजस्वी यादव ने 'चाचा' नीतीश का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार के कई सदस्य मौजूद रहे। पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनके बेटे तेज प्रताप यादव, तेजस्वी यादव की पत्नी समेत आरजेडी के कई बड़े नेता शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे।

कुछ लोगों को लगता है विपक्ष खत्म हो जाएगा

शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार की जनता नई सरकार से बहुत खुश हैं। 2020 का जो चुनाव हुआ जेडीयू के साथ गलत व्यवहार हुआ। हमारी पार्टी के विधायक बोलते रहे लेकिन बीजेपी का साथ छोड़ दिया जाए। आखिरकार हमने बीजेपी का साथ छोड़ दिया। नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोगों को लगता है कि विपक्ष खत्म हो जाएगा, लेकिन अब हम भी विपक्ष में आ गए हैं। विपक्ष और मजबूत होगा।

नीतीश ने कहा 2024 में सभी विपक्षी पार्टियां होंगी एकजुट

नीतीश कुमार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियां एकजुट होंगी। बीजेपी ने 2014 में जैसा प्रदर्शन किया था, वो 2024 में बरकरार नहीं रख पाएगी। जब नीतीश कुमार से 2024 में विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, तो उन्होंने कहा कि यह अभी तय नहीं हुआ है और उनकी ऐसी कोई मंशा नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट से नूपुर शर्मा को बड़ी राहत

■ **जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से मिली अंतरिम सुरक्षा, सभी केस दिल्ली ट्रांसफर**

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने पैगंबर मोहम्मद पर कथित नफरत भरे बयान मामले में बीजेपी की निलंबित नेता नूपुर शर्मा को बड़ी राहत देते हुए जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। इसके साथ-साथ कोर्ट ने नूपुर शर्मा के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में दर्ज किए गए सभी केसों को दिल्ली ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने नूपुर शर्मा के खिलाफ क्लब की गई एफआईआर की जांच दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

नूपुर शर्मा की याचिका पर पिछले महीने सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की निलंबित नेता को बड़ी राहत देते हुए 10 अगस्त तक गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके साथ-साथ कोर्ट ने केंद्र और उन राज्यों को नोटिस जारी किया है, जहां उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इस नोटिस में अदालत ने राज्यों और केंद्र सरकार से पूछा था कि नूपुर शर्मा के खिलाफ दर्ज केसों को एक ही स्थान पर क्यों न ट्रांसफर कर दिया जाए।

अलग-अलग राज्यों में 9 एफआईआर

नूपुर शर्मा की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि उनके खिलाफ अलग-अलग स्थानों पर 9 एफआईआर दर्ज हैं और उन सभी को एक ही जगह ट्रांसफर कर दिया जाए ताकि देश के अलग-अलग शहरों में उन्हें यात्रा न करनी पड़े। नूपुर शर्मा के वकील मनिंदर सिंह ने कहा था कि उनकी मुवक्किल की जान को खतरा है और तमाम जगहों से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। इस पर अदालत ने कहा था कि हम आपके कानूनी विकल्पों को बरकरार रखना चाहते हैं।

कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को पड़ा दिल का दौरा

नई दिल्ली (ए.)। जाने माने कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को लेकर शॉकिंग खबर सामने आई है. राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ा है. अचानक तबीयत बिगड़ने की वजह से राजू श्रीवास्तव को दिल्ली के सरकारी अस्पताल एम्स में भर्ती कराया गया है. उनके भाई और पीआरओ ने कॉमेडियन को दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि की है.

राजू श्रीवास्तव होटल के जिम में वर्कआउट कर रहे थे. ट्रेडमिल पर एक्सरसाइज करते हुए उन्हें चेस्ट में पेन हुआ और वे नीचे गिर गए. इसके बाद राजू श्रीवास्तव को फौरन अस्पताल ले जाया गया. राजू के पीआरओ अजीत का कहना है कॉमेडियन पार्टी के कुछ बड़े नेताओं से मिलने के लिए दिल्ली में रुके हुए थे. सुबह जिम करने गए, जिम करते करते उन्हें हार्ट अटैक आया. उन्होंने बताया कि राजू श्रीवास्तव की पल्स अब लौट आई है.

स्वतंत्रदेव सिंह का यूपी विधान परिषद के नेता पद से इस्तीफा

■ **डिप्टी सीएम केशव मौर्य को मिल सकती है जिम्मेदारी**

लखनऊ (ए.)। यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने विधान परिषद में नेता पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है क्योंकि स्वतंत्रदेव सिंह बुंदेलखंड के दौर पर हैं।

दरअसल पार्टी ने उन्हें जल्द ही यह जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्होंने इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया। सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है। नामों की चर्चाएं भी शुरू हो गई। कई नेताओं के नाम हवा में तैरने लगे हैं। इन नामों में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम सबसे ऊपर है। वहीं स्वतंत्र देव सिंह ने इससे पहले जुलाई में यूपी प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।

आपको बता दें कि प्रदेश के जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधान परिषद में नेता सदन बनाया था। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने 22 मई 2022 से उन्हें नेता सदन के रूप में मान्यता दी थी। इससे पहले डॉ. दिनेश शर्मा उप मुख्यमंत्री के रूप में विधान परिषद में नेता सदन थे।

भीमा कोरेगांव हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने कवि वरवरा राव को दी जमानत

नई दिल्ली (ए.)। साल 2018 में हुए भीमा कोरेगांव हिंसा के मामले में आरोपी कार्यकर्ता और कवि डॉ पी वरवरा राव को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी है। यह जमानत मेडकल के आधार पर दी गई है। जानकारी के मुताबिक पहले से मिली अंतरिम जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित किया है। इससे पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने 83 साल के राव की याचिका ठुकरा दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने रखी है यह शर्त: दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2018 की भीमा कोरेगांव हिंसा से जुड़े इस मामले में राव को जमानत देते हुए शर्त रखी है कि वह ट्रायल कोर्ट की मंजूरी के बिना शहर न छोड़ें, गवाहों से संपर्क करने की कोशिश न करें। वरवरा राव को 28 अगस्त 2018 को हैदराबाद से अरेस्ट किया गया था।

जस्टिस यूयू ललित देश के अगले सीजेआई, राष्ट्रपति ने लगाई मुहर

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस उदय उमेश ललित देश के 49वें चीफ जस्टिस नियुक्त हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनकी नियुक्ति पर हस्ताक्षर किए। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही तत्कालीन देश के तत्कालीन सीजेआई एनवी रमण ने यूयू ललित को उत्तराधिकारी के तौर पर चुना था। उन्होंने सरकार से जस्टिस ललित को नियुक्त करने की सिफारिश की थी। चीफजस्टिस रमणा ने 24 अप्रैल 2021 को देश के 48वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में अपना पदभार संभाला था। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती न्यायमूर्ति एसए बोबड़े की जगह ली थी। वे 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति ललित के अगला सीजेआई नियुक्त होने पर उनका कार्यकाल तीन महीने से भी कम का होगा, क्योंकि वह इस साल आठ नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

कई ऐतिहासिक फैसलों का रहे हिस्सा

जस्टिस यूयू ललित सुप्रीम कोर्ट के कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं। तीन तलाक को असांविधानिक करार देने वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ के भी सदस्य थे। जस्टिस ललित की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने त्रावणकोर के तत्कालीन शाही परिवार को केरल के ऐतिहासिक श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर का प्रबंधन करने का अधिकार दिया था। यह सबसे अमीर मंदिरों में से एक है। जस्टिस ललित की पीठ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में दोबारा छूट देने की तैयारी में केंद्र

नई दिल्ली (ए.)। रेल किराए में वरिष्ठ नागरिकों को दोबारा छूट देने की तैयारी है। संसद की एक स्थायी समिति ने ट्रेन के एसी-3 और स्लीपर श्रेणी के किराए में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत देने पर विचार करने का सुझाव दिया है। समिति ने कहा कि लगभग ढाई साल पहले कोविड महामारी के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की विभिन्न श्रेणियों में खत्म की गई रियायतों की पुनः समीक्षा की जानी चाहिए।

रेल संबंधी संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने हाल में संसद में पेश रिपोर्ट में यह उल्लेख किया है। समिति ने कहा, रेलवे ने महामारी और कोविड प्रोटोकॉल के मद्देनजर वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न श्रेणी में दी जाने वाली रियायत बंद कर दी थी। इसमें 58 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को रेल किराये में 50 फीसदी और 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के पुरुषों को 40 फीसदी रियायत दी जाती थी।

समिति ने कहा कि रेलवे अब सामन्य स्थिति की ओर आगे बढ़ रही है, इसलिए उन्हें विभिन्न श्रेणियों में दी जाने वाली रियायतों पर विवेकपूर्ण विचार करना चाहिए। समिति चाहती है कि कोविड से पूर्व वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही रियायत की समीक्षा की जाए और कम से कम स्लीपर, एसी-3 में तत्काल रियायत देने पर विचार किया जाए। रेलवे कोरोना महामारी से पूर्व में 54 श्रेणियों में रियायत देती थी।

गरमा-गरम

2014 में आए थे वो 2024 में रह पाएंगे कि नहीं. ? पाला बदलते ही गरजे नीतीश

वार - पलटवार

5 अगस्त को हमने देखा कि कैसे काले जादू को फैलाने का प्रयास किया गया : प्रधानमंत्री मोदी

काला धन लाने के लिए तो कुछ कर नहीं पाए, काले कपड़ों को लेकर मुद्दा बना रहे हैं : रमेश

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी कुछ लोग हैं, जो नकारात्मकता के भंवर में फंसे हुए हैं, निराशा में डूबे हुए हैं. सरकार के खिलाफझूठ पर झूठ बोलने के बाद भी जनता जनार्दन ऐसे लोगों पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं. ऐसी हताशा में ये लोग भी अब काले जादू की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं. गुजरात के सूरत की तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि अभी हमने 5 अगस्त को देखा है कि कैसे काले जादू को फैलाने का प्रयास किया गया. ये लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनकर, उनकी निराशा-हताशा का काल समाप्त हो जाएगा, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि वो कितनी ही झाड़-फूंक कर लें, कितना ही काला जादू कर लें, अंधविश्वास कर लें, जनता का विश्वास अब उन पर दोबारा कभी नहीं बन पाएगा. अमृत महोत्सव में आज जब देश तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है, तब कुछ ऐसा भी हुआ है, जिसकी तरफ मैं देश का ध्यान दिलाना चाहता हूं. हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों को अपमानित करने का, इस पवित्र अवसर को अपवित्र करने का प्रयास किया गया है. ऐसे लोगों की मानसिकता देश को भी समझना जरूरी है. अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा, तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीजल भी मुफ्त देने की घोषणा कर सकता है. ऐसे कदम हमारे बच्चों से उनका हक छीनेंगे, देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे. ऐसी स्वार्थ भरी नीतियों से देश के ईमानदार टैक्स पेयर का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा.

'भारत का तिरंगा रंगों को ही स्वयं में नहीं समेटे है'

पीएम ने कहा कि भारत का तिरंगा केवल तीन रंगों को ही स्वयं में नहीं समेटे है. हमारा तिरंगा, हमारे अतीत के गौरव को, हमारे वर्तमान की कर्तव्यनिष्ठा को और भविष्य के सपनों का भी एक प्रतिबिंब है. हमारा तिरंगा भारत की एकता का, भारत अखंडता का और भारत की विविधता का भी एक प्रतीक है. पीएम ने आगे कहा कि गुजरात ने बापू के रूप में आजादी की लड़ाई को नेतृत्व दिया. पीएम ने यह भी कहा कि गुजरात ने लौह पुरुष सरदार पटेल जैसे नायक दिए, जिन्होंने आजादी के बाद एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बुनियाद रखी. हमारा राष्ट्रीय ध्वज अपने आपमें देश के वस्त्र उद्योग, देश की खादी और हमारी आत्मनिर्भरता का भी एक प्रतीक रहा है. इस क्षेत्र में सूरत ने हमेशा से आत्मनिर्भर भारत के लिए आधार तैयार किया है. पीएम ने आगे भी कहा कि हमारे देश में भी कुछ लोग हैं, जो नकारात्मकता के भंवर में फंसे हुए हैं, निराशा में डूबे हुए हैं. सरकार के खिलाफ झूठ पर झूठ बोलने के बाद भी जनता जनार्दन ऐसे लोगों पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं. ऐसी हताशा में ये लोग भी अब काले जादू की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं.

प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस ने किया पलटवार

पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने पलटवार किया. उन्होंने पीएम मोदी की फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि ये काला धन लाने के लिए तो कुछ कर नहीं पाए, अब काले कपड़ों को लेकर बेमतलब का मुद्दा बना रहे हैं. देश चाहता है कि प्रधानमंत्री उनकी समस्याओं पर बात करें लेकिन जुमला जीवी कुछ भी बोलते रहते हैं.

संपादकीय

नितिश कुमार ने बनाया रिकार्ड

बिहार में आठवी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर नितिश कुमार ने एक नया रिकार्ड बना दिया है। दल बदलने का रिकार्ड वे पहले ही बना चुके हैं। मजे की बात यह है कि उन्होंने आठवी बार अपने नेतृत्व में बिहार में सरकार बनाई है लेकिन एक बार भी उनकी पार्टी स्पष्ट बहुमत प्राप्त नहीं कर पाई है। हर बार उन्हें अन्य पार्टियों की बैसाखी का सहारा लेना पड़ा है। ये भी कोई कम बड़ी बात नहीं है कि नितिश कुमार जिस पार्टी की कड़ी आलोचना करते है वक्त आने पर उसी पार्टी से हाथ मिलाने में संकोच नहीं करते और फिर अपने पुराने साथी को कोसने लगते है। बार-बार पलटी मारने के कारण भले ही नितिश कुमार की विश्वसनीयता घट गई है लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बनाने के बावजूद वे सभी पार्टियों के लिए स्वीकार्य होते हैं। बेशक उनकी पार्टी जदयू विधानसभा चुनाव में दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे लेकिन मुख्यमंत्री का पद उन्ही की झोली में जाता है। यह भी कोई कम बड़ा चमत्कार नहीं है। बहरहाल नितिश कुमार ने अब राजद, कांग्रेस, वामपंथी दलों और हम जैसी लगभग 7 पार्टियों के साथ मिलकर महागठबंधन की सरकार बनाई है लेकिन उनके सामने इस सरकार को तीन साल तक चलाने की चुनौती है। उनकी राह आसान नहीं है। भाजपा ने तो उन्हे मुख्यमंत्री पद दिया था और फ्री हेण्ड भी दिया था लेकिन महागठबंधन में शामिल सभी पार्टियां उन पर दबाव बनाएंगी। खासतौर पर सबसे बड़ी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल तो अपनी मनमानी करेगी। तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री बनने के साथ ही गृह विभाग भी ले लिया है जबकि नितिश कुमार पिछली सात बार जब भी मुख्यमंत्री बने है उन्होने गृह विभाग अपने ही पास रखा था लेकिन इस बार राजद की जीद के चलते उन्हे गृह विभाग छोड़ना पड़ा है। ये तो अभी शुरूआत है आगे चलकर उन्हे इस तरह के और भी कई फैसले मन मार कर करने पड़ेंगे। जाहिर है यदि उन पर ज्यादा दबाव पड़ा तो वे फिर से पलटी मार सकते है। ऐसी स्थिति में उनकी सरकार के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है। हालांकि नितिश कुमार के लिए यह आखरी मौका है अब वे उम्र दराज हो चुके है और अगली बार वे शायद ही मुख्यमंत्री बन पाएं या केन्द्रीय राजनीति में स्थान पा सके। इसलिए हो सकता है कि वे तीन का बचा हुआ कार्यकाल पूरा करने के लिए हर तरह का समझौता कर लें लेकिन इससे बिहार का विकास शायद न हो पाएं और वहां एक बार फिर जंगल राज कायम हो जाएं। देखना दिलचस्प होगा कि महागठबंधन की सरकार नितिश कुमार के नेतृत्व में बिहार के बाशिंदों की उम्मीदों की कसौटी पर कितना खरा उतर पाती है। इसके साथ ही राजद नेता और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव दूसरी बार डिप्टी सीएम बन गए हैं। राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में दोनों नेताओं को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार के पैर भी छुए। 22 साल में यह 8वां मौका है, जब नीतीश कुमार राज्य के सीएम बने हैं।

‘हर घर तिरंगा’ अभियान से स्वमेव जुड़ रहे देशवासी

शगुफ्ता शीरीन

हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रदेश के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में काफी उत्साह है। प्रदेश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान लोग आजादी में योगदान देने वाले महापुरुषों के योगदान को घर-घर जाकर लोगों को बताएंगे। प्रभातफेरी, साइकिल रैली निकालकर लोगों को झंडा लगाने कह रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के बाद सैकड़ों युवाओं ने अपनी डीपी में तिरंगा लगा लिया है। सेल्फी खींचकर वेबसाइट में डाल रहे और लोगो को तिरंगा लगाने कह रहे है। राजधानी रायपुर से लेकर आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में भी जन-जन का उत्साह देखते ही बन रहा है। लोग झंडे खरीद रहे सेल्फी खींच रहे और दूसरो को भी झंडा लगाने कह रहे है। तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। देशप्रेम और तिरंगे के सम्मान के लिए एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने की अपील कर रहे हैं।

लहराएगा तिरंगा अब सारे आसमान पर,
भारत का ही नाम होगा सबकी जुबान पर,
ले लेंगे उसकी जान या खेलेंगे अपनी जान पर,
कोई जो उठाएगा आंख हिंदुस्तान पर

भारत की आज़ादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने, लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जुलाई को हर घर तिरंगा अभियान को सशक्त करने का आहवान किया। उन्होंने ट्वीट के जरिए तेरह से पंद्रह अगस्त तक अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने की अपील लोगों से की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 जुलाई 1947 के दिन तिरंगा को अंगीकार किया गया। इसलिए हर भारतीय को तिरंगा पर गर्व होना चाहिए। केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी साहस, शांति और सच्चाई के प्रतीक तिरंगा को हर घर में लगाने की अपील लोगों से की। इसका असर यह हुआ की लोग स्वमेव ही हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में जुट गए हैं।

हर घर तिरंगा अभियान का एक उद्देश्य यह भी है जनभागीदारी के माध्यम से सभी घरों तक राष्ट्रध्वज पहुंचाना। इससे आपसी एकता, भाईचारे की भावना तो बढ़ेगी ही लोकतंत्र भी मजबूत होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरंगा की डिजाइन करने वाले श्री पिंगली वैंकैया की जयंती के अवसर पर अपने उद्बोधन में देशवासियों से अपील की कि वे अपनी सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल या डीपी में तिरंगा लगाए। उन्होंने क्रांतिकारी मैडम भीकाजी कामा को तिरंगा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए याद किया और इसका असर यह हुआ कि करोड़ों देशवासियों ने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल में तिरंगा की फोटो अपलोड कर एकता का परिचय दिया। यह सच है कि तिरंगा की आन-बान-शान की खातिर भारतीय सैनिक बहादुरी से लड़ते हैं और अपनी जान भी देश के लिए न्योछावर कर देते हैं। जैसा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम दुनिया के लिए एक संदेश है कि भारत का हर नागरिक संविधान निर्माताओं की दृष्टि के अनुसार भारत के विकास, समृद्धि और सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट है। इसलिए एकजुटता के लिए सभी अपने घरों में तिरंगा लगाए। गृहमंत्री की इस अपील से देश के सभी राज्यों में नागरिकों के मन मस्तिष्क में आजादी की 75वीं सालगिरह के जश्न को देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाने की इच्छा मजबूत हुई और सबने तिरंगा लगाने का संकल्प लिया। नतीजतन तिरंगा लेने की भी होड़ सी मची हुई है। प्रधानमंत्री के आहवान से छत्तीसगढ़ में स्वसहायता समूहों की महिलाओं को तिरंगा तैयार करने की जिम्मेदारी मिली। दंतेवाड़ा जिले की पार्वती स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा तिरंगा झंडा बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे पुरखों के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक बताते हुए सभी से अपने घरों, दुकानों में तिरंगा लगाने की अपील की है। वहीं, रायपुर जिले में सेरिखेडी की उजाला समूह की 30 महिलाएं 60 हजार झंडे बना रही हैं।

भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए पचास हजार झंडे बनाने का कार्य भिलाई महिला समाज की सौ महिलाएं कर रही हैं। बिलासपुर जिले के गनियारी में आजीविका मिशन के तहत महिला समूहों को तिरंगा सिलने की ज़िम्मेदारी मिली है। भिलाई में भी आजीविका मिशन के तहत महिलाएं तिरंगा सिलकर रोज़गार हासिल की है और आत्मनिर्भर भारत का सपना भी साकार हो रहा है। देश के 20 करोड़ घरों तक तिरंगा पहुंचाना वो भी कम समय में यह जिला प्रशासन के लिए चुनौती ही है। मगर सभी जिले के जिलाधीशों ने इस कार्य को पहली प्राथमिकता देते हुए मातहत कर्मचारियों को लापरवाही नहीं करने की हिदायत दी है। रायपुर कलेक्टोरेट में स्व-सहायता समूहों ने तिरंगा बिक्री केंद्र खोले हैं जहा कलेक्टर ने खुद ही झंडा खरीद कर बिक्री का शुभारंभ किया। इसी तरह, जांजगीर चापा के कलेक्टर ने खोखरा ग्राम पंचायत के आराधना समूह की महिलाओं से तिरंगा खरीदा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा कि इन समूहों की महिलाओं से झंडा खरीदे। कबीरधाम कलेक्टर ग्रामीण क्षेत्र के झंडा बिक्री केंद्रों में निगरानी कर रहे हैं। दंतेवाड़ा और महासमुंद की स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी लोगो को झंडे उपलब्ध करा रही हैं। केंद्र सरकार ने तीन प्रकार के झंडो को तैयार करने की व्यवस्था की है। डाकघरों, खादी ग्रामाद्योग की दुकानों तथा सी-मार्ट के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित राशन दुकानों में भी लोग तिरंगा खरीद सकते हैं। वहीं ऑनलाइन खरीदी की भी व्यवस्था की गई है। एक वेबसाइट जाकर हर घर तिरंगा प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें अपना नाम, मोबाइल नंबर दर्ज करके लोकेशन ऑन करना ज़रूरी होता है। रेलवे स्टेशनों ओर डाकघरों में सेल्फी ज़ोन भी बनाए गए है। यहां सेल्फी खींचकर लोग वेबसाइट में डालकर अपनी एकता को प्रदर्शित कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान को मजबूती देने में मुख्यमंत्री, मंत्री सांसद, विधायक, जिला पंचायतों, जनपदों और ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों के प्रतिनिधि तथा सरकारी अधिकारी-कर्मचारी जुटे हुए हैं। स्कूलों-कॉलेजो में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। एनसीसी मुख्यालय रायपुर में ग्रुप कमांडर एस.के. दास की अगुवाई में कैडेट आज़ादी के दीवाने कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर लोगों को तिरंगा लगाने प्रेरित कर रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के राजनांदगांव कार्यालय की ओर से लोगों को तिरंगा लगाने अपील की जा रही है। समर्थ विद्यालय के बच्चे लोगों को जागरूक करने निकले। रायपुर के दानी स्कूल की छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली और तिरंगा सरंचना में मानव श्रृंखला बनाई। कांकेर के केवटी में सशस्त्र सीमा बल ने राष्ट्रध्वज के साथ साइकिल रैली निकाली और दुर्गुकोंदल में बीएसएफ के जवानों ने गांवों में तिरंगा वितरण किया। इसी तरह, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के एनएसएस के दो सौ इकाईयो के सत्रह हजार विद्यार्थी गाव गांव जाकर लोगो को तिरंगा लगाने कह रहे है।

कविता

बहनों की पीड़ा

चन्द्रकांत खुंटे

आज मन हताश है, अत्यंत दुखी उदास है।
बहनों की पीड़ाओं का, करता एहसास है।।
रक्षासूत्र के प्रत्येक कसमें चकनाचूर हुए।
अस्मत का होता बीच-बाजार उपहास है।।
कभी चलती ट्रेन, बस, कार की रफ्तार में।
घृणित कर्म दरिंदगी का भोगविलास है।।
कितने असीम स्नेह से, डोर तुम बांधती हो।
तुम्हे दुख पहुँचाकर, सब मनाते उल्लास है।।
जिस मुक्त हृदय से, तुम अपनापन देती हो।
उसी अपनत्व भाव में, भरते खूब संत्रास है।।
इस अवसर में हर वर्ष,रक्षा का वादा करते
बाल्य किशोर अधेड़, तोड़ा आत्मविश्वास है।।
कैसे मनाऊँ बहना त्यौहार अब की बार मैं।
स्वतंत्रता को छीन के, तुम्हे देते कारावास है।।
तुम्हे नरकीय जीवन, देने को उद्धत किया।
स्वर्गीय जीवन तज के, दिया एकांतवास है।।
जिस दिन बहनी-बेटी होंगे, देश में सुरक्षित।
तभी रक्षासूत्र संग, खाऊँगा मिठाई खास है।।
चन्द्रकांत खुंट

अमर रहे रक्षाबंधन का पावन पर्व

अशोक पटेल

अमर रहे रक्षाबंधन का यह पावन पर्व
अमर रहे भाई बहन का यह पावन धर्म।
बहन की रक्षा का भाई यह शपथ लेगा
भाई अपनी कलायी में राखी बंधवाएगा।
रेशम के धागों में प्रेम विश्वास झलकेगा
आस्था प्रेम की राखी हाथ में निखरेगा।
महज धागा नहीं है,यह रेशम का धागा
जन्म जन्मांतर के प्रेम का है यह बंधन।
रिश्तों की बुनियाद रहे अमर व मजबूत
सदा रहे अखंड विश्वास यह गठबंधन।
नही तौल सकते हैं रिश्तों को दौलत से
और न निभा सकते हैं ईर्ष्या नफरत से।
निभा सकते हैं इसे प्रेम आस्था प्यार से
इसे पावन भी बना सकते हैं, विश्वास से।

भाई और बहन के स्नेह का त्योहारः रक्षाबंधन

स्नेह यादव

भाई के द्वारा यद्यपि कुछ भौतिक उपहार प्रदान किया जाता है परंतु इसका अर्थ यह नहीं होता की उस उपहार के माध्यम से राखी की सम्पूर्ण आयदगी हो जाती है । इसमें भाई यह संकल्प लेता है की वह जीवन पर्यंत उसके और उसके सुहाग की रक्षा करेगा , परंतु इस रक्षा बंधन में सभी भाईयों को यह संकल्प लेना चाहिए की वह ऐसा कोई भी कृत्य दूसरों की बहनों के साथ नही कारेगे जो उनके बहन के लिए भी ठीक और उचित ना हो । सभी बहनों को भी यह सुनिश्चित करना होगा की आज जो अन्य बहने पीड़ित हो रही है । सामाजिक बहिष्कार झेल रही है ,समाज उन्हे सम्मान नहीं डे रहा है ,क्योंकि वह किसी दरिंदे का शिकार हो गई थी । किसी ने उन्हे बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जबकि पूरा जीवन साथ निभाने का संकल्प लिया था । बहुत सी बहने अन्याय और अमानवीयता का बोझ झेल रहीं है ऐसे में रक्षा की पूर्ण संकल्पना कारगर नहीं होगी ।

भारतीय संस्कृति मे रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम का एक अविरल त्योहार माना जाता है जिसमें भाई के स्नेह और प्रेम रूपी धागे को उसके कलाईयों में बांधकर ,बहन उसके दीर्घायु की कामना करती है और भाई भी उसके जीवन पर्यत उसके सुहाग और उसकी रक्षा करने के वाचन देता है इससे एक ओर तो सामाजिक और पारिवारिक सहभागिता बढ़ती है दूसरी ओर भावनात्मक संबंध और सहकार की भावना भी विकसित होती है । वर्तमान समय में आधुनिकता के दौर में विभिन्न आयामों को लेकर संयुक्त परिवार विघटित हो रहे । आज संयुक्त परिवार की अवधारणा शहरों में तो काम देखने को मिल ही रही है परंतु इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है उसमें अनन्य प्रकार के अवसाद दिखायी देते है जिससे आपसी मन मुटाव बढ़ता है । ऐसे में यह त्योहार एकता के सूत्र में (घर ,परिवार और परिजनों को) बांधने का काम करते है । रक्षा बंधन का त्योहार भी ऐसे ही भावनात्मक संबंधों को विकसित करता है जिसमें इस दिन भाई बहन आपस में मिलकार एक दूसरे के लिए मंगलकांनाएं और दीर्घायु की कामना करते है । रक्षा बंधन का त्योहार इस परिदृश्य से भी अधिक प्रासंगिक है की इसमें केवल भाई-बहन ही नहीं अपितु सम्पूर्ण परिजन एक साथ बैठकार प्रसन्नता को साझा करते है । ऐसे त्योहारों से रिश्तों में समन्नता और मधुरता बढ़ती है जिससे की रिश्ते लंबे समय तक कायम रहते है और आपसी शिकवे-गीले खत्म हो जाते है । इस दिन बहन स्वयं भाई के घर पहुँचती है और अपने भाव के अनुसार उसका सत्कार करते हुए रक्षा (राखी) बांधती है और उसका तिलक भी करती है साथ ही यह भी प्रथा प्रचलित है की हल्दी और चावल का टीका लगाया जाता है जिसे एक थाली में सजाकर भाई की आरती उतारकर उसका मुंह मीठा कराकर उसके दहिनें हाँथ में रक्षा (राखी) बंधी जाती है और उसके दीर्घायु की कमना भी बहन करती है। इसके उपरांत भाई के द्वारा यद्यपि कुछ भौतिक उपहार प्रदान किया जाता है परंतु इसका अर्थ यह नहीं होता की उस उपहार के माध्यम से राखी की सम्पूर्ण आयदगी हो जाती है । इसमें भाई यह संकल्प लेता है की वह जीवन पर्यंत उसके और उसके सुहाग की रक्षा करेगा, परंतु इस रक्षा बंधन में सभी भाईयों को यह संकल्प लेना चाहिए की वह ऐसा कोई भी कृत्य दूसरों की बहनों के साथ नहीं कारेगे जो उनके बहन के लिए भी ठीक और उचित ना हो । सभी बहनों को भी यह सुनिश्चित करना होगा की आज जो अन्य बहने पीड़ित हो रही है । सामाजिक बहिष्कार झेल रही है, समाज उन्हे सम्मान नहीं डे रहा है, क्योंकि वह किसी दरिंदे का शिकार हो गई थी। किसी ने उन्हे बीच रास्ते में ही छोड़ दिया जबकि पूरा जीवन साथ निभाने का संकल्प लिया था । बहुत सी बहने अन्याय और अमानवीयता का बोझ झेल रहीं है ऐसे में रक्षा की पूर्ण संकल्पना कारगर नहीं होगी । ऐसे में सभी बहनों को यह संकल्प इस रक्षा बंधन के त्योहार में जरूर लें की वह अपने सभी को राखी बांधते समय ऐसे अमानवीय कृत्यों को न करने को कहे तभी ऐसे में त्योहारों की सार्थकता और प्रगतिशीलता कारगर साबित होगी ।

आज संयुक्त परिवार की अवधारणा शहरों में तो काम देखने को मिल ही रही है परंतु इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है उसमें अनन्य प्रकार के अवसाद दिखायी देते है जिससे आपसी मन मुटाव बढ़ता है । ऐसे में यह त्योहार एकता के सूत्र में (घर ,परिवार और परिजनों को) बांधने का काम करते है । रक्षा बंधन का त्योहार भी ऐसे ही भावनात्मक संबंधों को विकसित करता है जिसमें इस दिन भाई बहन आपस में मिलकार एक दूसरे के लिए मंगलकांनाएं और दीर्घायु की कामना करते है । रक्षा बंधन का त्योहार इस परिदृश्य से भी अधिक प्रासंगिक है की इसमें केवल भाई- बहन ही नहीं अपितु सम्पूर्ण परिजन एक साथ बैठकार प्रसन्नता को साझा करते है । ऐसे त्योहारों से रिश्तों में समन्नता और मधुरता बढ़ती है जिससे की रिश्ते लंबे समय तक कायम रहते है और आपसी शिकवे-गीले खत्म हो जाते है । इस दिन बहन स्वयं भाई के घर पहुँचती है और अपने भाव के अनुसार उसका सत्कार करते हुए रक्षा (राखी) बांधती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

एक पल भी एक

एक पल भी एक क्षण भी तुमसे दूर नहीं रह पाती हूं एक अनजानी डोर में बंधकर मैं खिंची चली आती हू रूहानी रिश्ता है या रूह का बंधन समझ नहीं पाती हूं तुम हो जीवन या तुमसे है जीवन उलझ यही जाती हूं अपनी हर धड़कन को तुम्हारे नाम से धड़कता पाती हूं जन्मों का हिसाब किताब ये दिल को यही समझाती हूं हां ,, दिल को यही समझाती हूं।

– मीता खुराना

आजकल घर में

आजकल घर में मेहमान आने पर बच्चे अगर अपना मोबाइल साइड में रख दे तो... ये भी पैर छूने के बराबर का सम्मान है...और फिर रिश्तेदार भी इतनी इज़्ज़त भरी निगाहों से देखते हैं जैसे देश का संविधान इसी ने लिखा था।

– कुमार संतोष

ख़ास पाती | गर्म रेत पर चल कर ज़िंदगी

गर्म रेत पर चल कर ज़िंदगी का एहसास कुछ ऐसा हुआ क्या मिलेगा ओस पर नंगे पाँव चल कर जल की अहमियत इतनी तो है ज़िंदगी में जल जाते हैं पाँव ज़िंदगी के लिये मीलों का फासला जब होता है चलना दो घूँट पानी का बस पड़ जाये मरणासन्न तृषित के मुख में दौड़ती है पनिहारिन तप्त मरुभूमि में बाट जोहता नन्हा बालक हाथ मे थामें इक खाली गिलास प्यास मे जीभ चटखाते हुये जैसे चूसना चाहता हो तन बदन की सारी नमी इसकी अनुभूति कर सका है क्या कोई गंगा के तीर पर।

–शिखा लाहिरी

उजास बोना ज़रा सँभलकर ये

उजास बोना ज़रा सँभलकर ये प्यास बोना ज़रा सँभलकर छुपे हैं शातिर इधर-उधर कुछ कपास बोना ज़रा सँभलकर कोई तरीक़ा तो ढूँढ लाओ अमास बोना ज़रा सँभलकर हमारी फ़ितरत पता है तुमको भड़ास बोना ज़रा सँभलकर ये दुश्मनी भी बुरी बला है क़यास बोना ज़रा सँभलकर हवा बहुत मनचली है अब भी निकास बोना ज़रा सँभलकर कई दफ़ायें लगी हैं उसपर हरास बोना ज़रा सँभलकर ज़मी पे ‘ऐनुल’ नज़र गड़ी है अकास बोना ज़रा सँभलकर। – ‘ऐनुल’ बरौलवी

खामोशियों को बहने दो नदियों

खामोशियों को बहने दो नदियों सा मचलने दो ये दिल बड़ा नादान है ख़्वाहिशों को बहकने दो आरज़ू है दबी दबी सी चाहतों को उड़ान दो भँवरे मंडरा रहे कलियों पर कलियों को बस खिलने दो समां है कुछ भींगा भींगा सा अहसासों को नम होने दो दिल रेज़ा रेज़ा जलता है जलने दो उसे ख़ाक हो जाने दो ख़ाक भी हमारी राह दिखायेगी जरा उसे उस राह से गुजरने दो। – डेज़ी जायसवाल

इश्क़ से गर वास्ता हो जायेगा

इश्क़ से गर वास्ता हो जायेगा, आंसुओ का सिलसिला हो जायेगा। आज बेमन ही मदद करके तो देख, दान का तुझको नशा हो जायेगा । दोस्ती कर लो चराग़ों से अगर, आंधियों का डर फ़ना हो जायेगा। ज़ुल्म का फ़रसा दुधारी होता है, कल तेरे सर पे खड़ा हो जायेगा। काशी में बिकने खड़ा है दानी, जो मुझको लेगा पारसा हो जायेगा।

– डॉ संजय दानी

आज तक, हर पार्टी के द्वारा सबसे

आज तक, हर पार्टी के द्वारा सबसे ज्यादा कोसे गये नेता.. नीतीश जी ही हैं.. जिसे मौका मिलता है कोस लेता है इनको.. पर दूसरी पार्टी चाहती भी कम नहीं है इनको, जिसके साथ भी जुड़ते हैं, कम सीट होने के बावजूद वह पार्टी सीधे मुख्यमंत्री बना देती है इनको।

– मिनाक्षी सिंह

जरा सी इबादत लिख दूं मोहब्बत

जरा सी इबादत लिख दूं मोहब्बत की असमान पर, कि जब जब चांद आए मेरे हाथों को चूमें, छोड़ दूं कुछ मखमली एहसास फलक पे जिनमें घुली हो कहानी हमारी कि जब जब चांद आए हमहीं को ढूंढे ।

– किरन भण्डारी

आजादी के गीत सुनाऊँ प्यार भरी

आजादी के गीत सुनाऊँ प्यार भरी मुस्कान भौगोलिकदुनिया में प्यारा मेरा हिन्दुस्तान नाना भाषा भाषी बसते करते नित गुणगान जयति जयति जय भाग्य तिरंगा ,भारत की पहचान कितना प्यारा मेरा भारत जिनके हम हैं लाल कवि कोविद नित दिन गुण गाते नमन करें दिकपाल भारत मा की अनुपम गाथा स्वर्णिम जिनके भाल आलौकिक छवि कितन प्यारी वक्षस्थल विशाल- **राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी**

QUIZ TIME

1) बेटिंग जलसंधि किस रेखा के समानान्तर स्थित है?

2) छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला इंजीनियरिंग स्नातक कौन है?

3) भारतीय संविधान में मूल कर्तव्य को किस वर्ष अंगीकृत किया गया था?

4) हाल ही में किस भारतीय राज्य पुलिस ने ई-एफआईआर प्रणाली शुरू की?

5) किस महिला ने अब तक दो बार मैन बुकर पुरस्कार प्राप्त किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा (2) श्रीमती कुसुम सुधीश जाधव (3) 1976 (4) गुजरात (5) हिलेरी मैण्टेल (2009 और 2012

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1347- अलाउद्दीन हसन गंगू ने राजसी सत्ता हासिल की और बहमनी वंश की स्थापना की। 1778- दुनिया में जिमनास्टिक्स की नींव रखने वाले जर्मन शिक्षक फ्रेडरिक लुडविग का जन्म। 1863- कंबोडिया फ्रांस का संरक्षित क्षेत्र बना। 1908- क्रांतिकारी खुदीराम बोस को फांसी दी गई। 1914- फ्रांस ने ऑस्ट्रिया और हंगरी पर आक्रमण की घोषणा की। 1948- लंदन में समर ओलंपिक की शुरुआत हुई। 1961- दादर नगर हवेली का भारत में विलय हुआ और इसे केंद शासित प्रदेश बनाया गया। गोवा की तरह यह इलाका भी कई साल पुर्तगाली उपनिवेश में रहा था। 1974- पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर अंजू जैन का जन्म। 1976- दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन मे दंगों में 17 लोग मारे गए। 1984- तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 2003- उत्तर अटलांटिक संधि संगठन नाटो ने अफगानिस्तान में शांति बल की कमान संभाली। 2012- ईरान के तबरीज और अहार में भूकंप से 153 लोग मारे गए और करीब 1300 लोग घायल हुए। 2013- अफगानिस्तान के काबुल में बाढ़ से 22 लोग मरे। 2014- अमेरिकी अभिनेता रॉबिन विलियम्स का निधन। 2016- पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ी हनीफमुहम्मद का निधन।

मुख्यमंत्री ने किया सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अभियान का शुभारंभ

■ 9 अगस्त से 26 जनवरी तक होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वनवासियों को जागरूक करने 15 अगस्त से 26 जनवरी तक सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का एक कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसका विमोचन विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। शुभारंभ में अभियान गीत के साथ जागरूकता पोस्टर्स एवं धमतरी के नगरी विकासखंड के चारगांव के ग्राम सभा के प्रयासों पर एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

वन संसाधन अधिकार के क्रियान्वयन की राज्य स्तर पर मार्गदर्शिका तैयार कर मैदानी कर्मचारियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई, परंतु ग्राम सभाओं में अभी भी सूचनाएं और प्रक्रियाएं पहुंच नहीं पा रही थी। अब पुनः मुख्यमंत्री ने समीक्षा की और ग्राम सभाओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान की आवश्यकता महसूस की। इसे ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी संस्था ने आदिवासी विकास और वन विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम सभाओं को प्रक्रियाओं की जानकारी देने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जागरूकता अभियान का एक कैलेंडर तैयार किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के 75 वें वर्ष के समारोह में सभी ग्राम पंचायतों में वन अधिकार कानून के बारे में वाचन करते हुए अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद जनवरी 2023 तक सभी वन आधारित गांवों में ग्राम सभाओं में सामुदायिक वन संसाधन पर चर्चा प्रस्ताव करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसमें अगस्त में दावों के शुभारंभ के लिए ग्राम सभा, सितंबर में लोकवाणी के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत, अक्टूबर की ग्राम सभा में प्रस्ताव, नवंबर में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम, दिसंबर में हाट बाजार, जनवरी में ग्राम सभा में विचार आदि के संबंध में जागरूकता अभियान संचालित रहेगा। इस अभियान में सभी स्वयंसेवी संस्थाएं जुड़ेंगी, जिन्होंने लंबे समय तक इस कार्य को गति दी है और वर्तमान में संचालित कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अभियान को राज्य भर में संचालित करने के लिए आदिवासी विकास विभाग और वन विभाग को निर्देशित किया। स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण मानते हुए मुख्यमंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए उनका आव्हान किया। छत्तीसगढ़ अकेला राज्य है, जहां इस तरह के सामुदायिक संसाधनों के अधिकार का लक्ष्य बनाया गया है और उसके लिए ग्राम सभाओं को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेशभर में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा दूसरे दिन भी जारी

■ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम हुए कोण्डागांव के तिरंगा यात्रा में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस द्वारा निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा दूसरे दिन भी प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों अनवरत रूप से जारी रही। यह पदयात्रा हर विधानसभा क्षेत्र में 75 किमी की परिक्रमा तय करेगी। सभी मंत्री विधायक और वरिष्ठ नेतागण अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा की अगुवाई कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पदयात्रा के दूसरे दिन कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र के बनिया गांव में कांग्रेसजनों और पदयात्रियों के साथ श्रमदान किया। उसके बाद भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर पदयात्रा आगे रवाना हुई। पदयात्रा के दहीकोंगा पहुंचने ग्रामीणों और स्काउट गाइड के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा झंड़े को सलामी दी।

अहिवारा में मंत्री गुरू रूद्रकुमार के नेतृत्व में बस स्टैंड में सभा सम्पन्न होने के बाद यात्रा वार्ड 7, 8, 9, में यात्रा कर अय्यपा मंदिर के प्रांगण में सभा सम्पन्न के पश्चात पदयात्रा हुयी।

आरंग में मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में आजादी के गौरव यात्रा के दूसरे दिन लाखौली, गुजरा, कोसमखूंटा, पलौद, रीको होते हुये ग्राम राखी पहुंची।

मैट्स में बनी राखियों से सजी फौजी भाइयों की कलाइयां

रायपुर/नवप्रदेश। मध्य भारत की अग्रणी और ख्यातिनाम मैट्स विश्वविद्यालय जो अपनी शैक्षणिक और अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए सुप्रसिध्द है, एक बार फिर सामाजिक कार्य की दिशा में अपना कदम आगें बढ़ाया है। 10 अगस्त को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर मैट्स स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की छात्राओं ने स्थानीय सेना के जवानों को स्व निर्मित राखी बांधकर त्यौहार की खुशियां बांटी। विभाग द्वारा 8 अगस्त को फौजियों की कलाइयां सजाने के उद्देश्य से राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में डॉ. कल्पना चंद्राकर प्राध्यापक लाइब्रेरी एण्ड इनफार्मेशन साइंस तथा डॉ. मेघना श्रीवास्तव प्राध्यापक लाइफ साइंस निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे।

उक्त प्रतियोगिता का संचालन मैट्स स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की गतिविधि प्रभारी मिस हेमलता पटेल तथा डॉ. टीना बूच्चा ने किया। राखी मेंकिग प्रतियोगिता में आदित्य अनिल अचार्या तथा श्रुति चौधरी प्रथम, शिव राजभर द्वितीय एवं अर्चना साहू तृतीय स्थान पर रहे।

इस प्रकार सभी हस्त निर्मित राखियों को फौजी भाइयों की कलाइयों पर सजाने के लिए डिप्टी कमांडर शिकरवार के विशेष अनुमति से मैट्स विश्वविद्यालय की छात्राओं ने रक्षाबंधन का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया। सभी बहनों ने फौजी भाइयों की आरती उतार कर तथा मुंह मीठा करा कर पूर्ण विधि से रक्षाबंधन का अपना दायित्व पूरा किया, साथ ही फौजी भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का वचन दोहराया। आयोजित कार्यक्रम में जल, थल एवं वायु सेना तीनों यूनिट के जवान उपस्थित थे। तीनों सेनाओं के अधिकारीगण आर. बुधानी, ए. सिन्हा तथा प्रवीण कुमारी ने सभी छात्राओं को उपहार दिया एवं आशीर्वाद देकर विदा किया।

कार्यक्रम के अन्त में डिप्टी कमांडर शिकरवार ने मैट्स के प्राध्यापक अमित साहू को हर घर तिरंगा अभियान के तहत् तिरंगा भेंट किया। पर्व की गरिमा बनाये रखने के लिए छात्राओं के साथ मैट्स स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो.(डॉ.) के. पी. यादव, डायरेक्टर जनरल प्रियेश पगारिया तथा कुलसचिव गोकुलानंद पंडा ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

स्वतंत्रता दिवस को लेकर राज्यपाल के उप सचिव ने ली बैठक

रायपुर। राजभवन के कान्फ्रेंस हॉल में आज राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो के निर्देशानुसार उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य पर राजभवन में ध्वजारोहण सहित संध्याकाल में स्वागत समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन सजगता से करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

बैठक में तय किया गया कि स्वागत समारोह के दौरान अतिथियों के आगमन एवं प्रवेश व्यवस्था पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी राजभवन द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। समारोह के आमंत्रण पत्रों के वितरण की व्यवस्था कलेक्टर रायपुर द्वारा की जाएगी। आयुक्त नगर निगम को राजभवन परिसर एवं सड़कों की साफसफाई, रंगीन झंडों की व्यवस्था, उद्यान विभाग को सजावटी पौधों तथा लॉन की सफाई की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन किया जाएगा।

बारिश के मौसम में बच्चों को बीमारियों से बचाए : सीएमएचओ डॉ. मीरा

रायपुर। बारिश के मौसम में बच्चों में सर्दी, खांसी, जुकाम, डायरिया और चर्म रोग जैसी बीमारियां होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है । पानी में भीगने पर बुखार, सिरदर्द, और कभी कभी कब्ज, भूख न लगने की शिकायत भी बच्चों में हो जाती है । इसके अलावा बारिश के दिनों में डेंगू, मलेरिया के भी मामले सामने आते हैं ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल कहती है बारिश के मौसम में बच्चों सबसे ज्यादा बीमार पड़ जाते हैं। फ्लू, वायरल फीवर, डायरिया, टाइफाइड, हेपेटाइटिस, जॉन्डिस (पीलिया) शरीर में दर्द की समस्या सामने आती हैं । बरसात कई तरह की बीमारियां भी साथ लेकर आती है। इसीलिए बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। बच्चों को बरसात के रुके हुए पानी में खेलने और रिमझिम बूंदों में भीगने से रोकना चाहिए क्योंकि यह मौसम बच्चों को बीमारी की ओर धकेल देता हैं ।

उन्होंने कहा बच्चे जब भी बाहर खेलने जाए तो उन्हें पूरी आस्तीन के कपड़े पहना कर ही खेलने जाने दें। बच्चों को समझाएं कि जमा हुए पानी में न जाए इससे चर्म रोग का खतरा हो सकता है । बरसात के दिनों में इनडोर (घर के अंदर) खेल खेलने के लिए प्रेरित करें। मक्खी और मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर में स्वच्छ वातावरण रखें, नियमित रूप से फिनाइल का दिन में दो बार पोछा लगाएं ।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने यूक्रेन से लौटे मेडिकल छात्रों की पढ़ाई पूरी करवाने शीघ्र निर्णय लेने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर यूक्रेन से वापस आए मेडिकल छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पूरी कराने के लिए शीघ्र नीतिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने विगत मार्च में भी उन्हें पत्र लिखकर इस संबंध में जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया था। रुस-यूक्रेन युद्ध के कारण प्रदेश के 207 मेडिकल विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़कर देश लौटना पड़ा है।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने अपने पत्र में कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न हुई गंभीर परिस्थितियों के कारण यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे भारतीय मूल के सभी छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा सकुशल वापस लाया गया है। बड़ी संख्या में देश वापस आए छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों के मेडिकल छात्र-छात्राओं के भविष्य एवं आगे की शिक्षा को लेकर मैंने आप से पहले भी पत्र के माध्यम से तत्काल समुचित पहल का आग्रह किया है।



सिंहदेव ने छत्तीसगढ़ यूक्रेन मेडिकल पैरेन्ट्स एंड स्टूडेन्ट एसोशिएशन, रायपुर का पत्र भी संलग्न कर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को भेजा है जिसमें यूक्रेन से लौटे 207 छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों ने भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। सिंहदेव ने उम्मीद जताई है कि केंद्र सरकार भी छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर समुचित कार्ययोजना के अंतिम चरण में होगी।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने मांडविया से अनुरोध किया है कि प्रभावित सभी छात्रों के अध्ययनरत् समयावधि को आधार मानकर देश के मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटें आबंटित कर उन्हें समायोजित किया जाए जिससे प्रभावित छात्र-छात्राओं का भविष्य सुरक्षित एवं सुनिश्चित हो सके। इससे देश में डॉक्टरों की कमी भी दूर होगी एवं चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ जनमानस को प्राप्त हो सकेगा।

आईआईटी नया रायपुर के कुशल जैन ने टैली कोड ब्रुअर्स के दूसरे संस्करण में हासिल की जीत

रायपुर। आईआईटी नया रायपुर के कुशल जैन ने टैली कोड ब्रुअर्स के दूसरे संस्करण के लिए देश भर से आई 2000 से अधिक एंट्रीज़ में से 'विज़ार्ड ऑफसिस्टम प्रोग्रामिंग'ट्रैक कैटेगरी में जीत हासिल की है। कुशल ने हाई-इन्टेनसिटी ऑनलाईन क्विज और कोडिंग तथा इसके बाद बाय-प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट चैलेंज में जीत हासिल की, जहां उन्होंने 48 घण्टे के भीतर अपनी पसंद की टेकनोलॉजी का उपयोग करते हुए एक चैलेंज के लिए समाधान प्रस्तुत किया।

टैली सोल्युशन्स द्वारा टैली कोड ब्रुअर्स की शुरूआत साल 2021 में हुई थी। नई पीढ़ी के इंजीनियरों में इनोवेशन, रचनात्मक सोच एवं समस्याओं के समाधान के लिए जोश और उत्साह को बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य है। सभी वर्षा में पढ़ने वाले इंजीनियरिंग छात्रों के लिए खुली है जो देश की किसी भी शाखा से फुल टाईम बी.टेक/ बी.ई./ड्यूल डिग्री में पढ़ाई कर रहे हैं। टैली कोड ब्रुअर्स के पहले राउण्ड में प्रतिभागियों को निर्धारित समय के अंदर बहु-विकल्पी सवालों को हल करना था, जिसके बाद ऑनलाईन कोडिंग चैलेंज का आयोजन हुआ, जिसमें 'टीम लीड' को 90 मिनट के भीतर दो कोडिंग प्रॉबलस स्टेटमेन्ट्स हल करने थे।

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों को 'वीकेंड हैकाथॉन' में हिस्सा लेने का मौका मिला, जहां उन्हें दो प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट चैलेंजेज़- 'विज़ार्ड ऑफ सिस्टम प्रोग्रामिंग' और 'कमांडर ऑफ फुल स्टैक' के लिए समाधान प्रस्तुत करने थे। इस हैकाथॉन की खास बात यह है कि चुनी गई टीमों को मार्गदर्शन देने के लिए मेंटर्स नियुक्त किए गए थे, जिन्होंने उन्हें चैलेंज को समझने, उनके सवालों को हल करने और फीडबैक देने में मदद की। फाइनल डेमो का मूल्यांकन टैली सोल्युशन्स के पैनल द्वारा किया गया।

कुलपति डॉ. चंदेल ने वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक ली

■ कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र महासमुंद का किया मुआयना

■ पैरा मशरूम उत्पादन एवं बीज प्रक्रिया इकाई उद्घाटित

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद का भ्रमण किया। महासमुंद प्रवास के अवसर पर डॉ. चंदेल ने कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद में संचालित अनुसंधान कार्यों, विभिन्न गतिविधियों एवं प्रक्षेत्र का अवलोकन किया एवं उसकी सराहना की। भ्रमण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों को ऐसी कार्ययोजना बनाने एवं उस पर कार्य करने की सलाह दी जिससे किसानों की आय में वृद्धि की जा सके। इस दौरान उन्होंने कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, महासमुंद में स्थित अनुसंधान प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद में नवनिर्मित पैरा मशरूम उत्पादन एवं बीज प्रक्रिया ईकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की प्रबंध मण्डल सदस्य श्रीमती वल्लरी चन्द्राकर, निदेशक विस्तार डॉ. पी.के. चन्द्राकर, जिला पंचायत, महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सचिदानंद आलोक, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनुराग तथा प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के महासमुंद प्रवास के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, महासमुंद, रायपुर एवं दुर्ग के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक ली। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जल्द ही केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं बीज निगम के साथ मिलकर एक किसानोंपयोगी योजना लाने की तैयारी कर रहा है, जिससे राज्य के किसानों को अपने उत्पाद को विक्रय करने में परेशानी ना हो और उन्हें इसका उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्रों में जल्द ही बीज प्रक्रिया इकाई प्रारंभ की जायेगी जिससे किसानों को ''इंदिरा ब्रांड'' के नाम से विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध कराये जाएंगे। बैठक में महासमुंद कलेक्टर श्री निलेश कुमार ने आश्वस्त किया कि किसानोंपयोगी विभिन्न योजनाओं हेतु जिला प्रशासन कृषि विज्ञान केन्द्र को हरसंभव मदद प्रदान करेगा।

सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने सोशल मीडिया को बढ़ावा

■ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए परिवहन विभाग (सड़क सुरक्षा) की नई पहल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) द्वारा अपील की गई है कि सड़क सुरक्षा हम सबका कर्तव्य और हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसे ध्यान में रखते हुए अंतर्विभागीय लीड एजेंसी से सोशल मीडिया में जुड़कर छत्तीसगढ़ सड़क सुरक्षा अभियान के प्रोत्साहनकर्ता बने और अपने परिवार-मित्रों को भी इससे अधिक से अधिक जोड़े।

इसके तहत अपील की गई है कि अंतर्विभागीय लीड एजेंसी द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न एप्प-ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा यू-ट्यूब में तैयार नवाचार का प्रयोग करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक नागरिक बनें और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में अपनी अहम भागीदारी निभाएं। एजेंसी द्वारा सोशल मीडिया के इन माध्यमों में ट्वीटर तथा यू-ट्यूब में 'रोड सेफ्टी सीजी' और इंस्टाग्राम तथा फेसबुक में 'सड़क सुरक्षा मितान' के नाम से नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इनमें राज्य में बेहतर यातायात व्यवस्था हेतु यातायात नियमों के पालन तथा प्रशिक्षण आदि यातायात के मार्गदर्शिका सिद्धांतों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर हुई 50 गर्भवतियों की जांच

खैरखुट में मना प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस

रायपुर/तिल्दा /नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खैरखुट में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। इस दौरान 50 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इसमें ब्लड प्रेशर, वजन, शुगर, और एचआईवी की जांच के अलावा आयरन एवं कैल्शियम दवाओं का वितरण भी किया गया। इस दिवस का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य पर सही ध्यान देना और सुरक्षित संस्थागत प्रसव से माँ और बच्चे को स्वस्थ्य रखना भी है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के बारे में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, खैरखुट की प्रभारी डॉ.पूनम सिंह ने बताया कि ''प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन हर माह की 9 तारीख और 24 तारीख को किया जाता है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 26,000 की आबादी को कवर करता है। इस केंद्र के क्षेत्र के अधीन चार उप स्वास्थ्य केंद्र आते है । इस दिन सभी गर्भवती महिलाएं अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य करवाएं। इस दिवस पर विशेष कर दूसरे और तीसरे माह गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। गर्भवतियों का हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी ब्लड प्रेशर समेत अनेक जांचें और स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा निशुल्क परीक्षण भी किया जाता है। साथ ही संस्थागत प्रसव के फायदे बताकर उन्हें संस्थागत प्रसव करवाने के लिए प्रेरित किया जाता है ।''

दूसरी बार प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कराने आई हितग्राही गर्भवती महिला प्रियंका चौहान बताती है कि ''यहां पर नियमित रूप से जांच होती है । मुझे सी टी स्कैन करने के लिए कहा गया था जो यहां से निशुल्क करवाया गया। गर्भधारण के पश्चात मेरा टीकाकरण भी किया गया । जच्चा बच्चा कार्ड बनाया गया । साथ ही नियमित रूप से मितानिन द्वारा भी मेरा फॉलोअप किया जाता है । इस माह एएनसी जांच कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के फायदे के बारे में भी बताया गया साथ ही उन्हें पोषण आहार का वितरण भी किया गया।

विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती ममता सुनानी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य 9 माह के गर्भावस्था में नियमित रूप से चार जांचे करवाने का है । पहली जांच गर्भधारण से 3 माह के बीच दूसरी जांच 4 माह से 6 माह के मध्य, तीसरी जांच 7 माह से 9 माह के बीच में अवश्य कराएं । चौथी जांच प्रसव पूर्व की जाती है । इस जांच का मुख्य उद्देश्य गर्भ में पल रहे शिशु की बेहतर देखभाल और संस्थागत प्रसव के साथ-साथ उच्च जोखिम वाले नवजात की निगरानी करना भी है ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके ।''

उन्होंने आगे बताया नवजात शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (एमएमआर), कुल प्रजनन दर (टीएफआर) जैसे में तुलना में तेजी से गिरावट आएगी। उन्होंने बताया मातृ वंदना योजना व जननी सुरक्षा योजना आदि का लाभ लेने के लिए गर्भवतियों को जीरो बैलेंस खाता खोलने के लिए भी बताया जाता है और खाता खोलने में मदद भी की जाती है।

न्यूज गैलरी

कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीत कर पहुंची आकर्षि का जोरदार स्वागत

दुर्ग (नव प्रदेश)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में सिल्वर मेडल जीतकर विश्व में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षि कश्यप के बुधवार को गृहनगर दुर्ग पहुंचने पर उनके स्वागत में जनसैलाब उमड़ा। ग्रीन चौक रेल्वे स्टेशन से शुरु हुआ आकर्षि का विजयी रैली शहर के प्रमुख मार्गो के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए कसारीडीह चौक स्थित उनके आवास पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान पूरे रास्तेभर गाजे-बाजे के साथ जगह-जगह राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्त्ताओं के अलावा विभिन्न खेल, सामाजिक, धार्मिक संगठनों व शहर की जनता ने उनका भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। विजयी रैली में शामिल लोगों में काफी उत्साह था। फलस्वरुप पूरे विजयी रैली के दौरान जय हो के नारे गूंजमान रहे। इंग्लैंड के बर्मिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 के बैडमिंटन खेल में आकर्षि कश्यप सिल्वर मेडल जीतकर बुधवार की दोपहर 1 बजे ग्रीन चौक रेल्वे स्टेशन चौक पहुंची। यहां उनके इंतजार में पहले से खड़े खेलप्रेमियों द्वारा आकर्षि का भव्य स्वागत किया गया। ग्रीन चौक में विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आर.एन. वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, जिला भाजपाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने आकर्षि का स्वागत कर उन्हें ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। तत्पश्चात उनकी विजय रैली गुरुद्वारा स्टेशन रोड, सिंधी धर्मशाला, सीए बिल्डिंग, राजेन्द्र पार्क चौक पहुंची।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

दुर्ग (नव प्रदेश)। निःशक्त व्यक्ति अधिकार अधिनियम 2016 के तहत प्रतिवर्ष दिव्यांगजनों के विभिन्न प्रकार के पुरस्कार दिया जाता है। जिसके तहत निःशक्त के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्य, विभाग एवं जिला द्वारा निःशक्तता के क्षेत्र में नवाचार, विशिष्ट, उल्लेखनीय कार्य करने वाले 14 श्रेणियों में योग्य प्रविष्टियों का 28 अगस्त 2022 तक भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को निर्धारित पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन प्रेषित करते हुए, एक प्रति उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग को 18 अगस्त 2022 तक उपलब्ध करावें। जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते है।

स्वतंत्रता दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

दुर्ग (नवप्रदेश)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। इस दौरान जिले में स्थित सभी प्रकार की मदिरा दुकानें बंद रहेंगी। कलेक्टर ने होटल बार, असैनिक विनोद गृह, व्यवसायिक क्लब व सैनिक कैंटीन व भाण्डागार 15 अगस्त 2022 को पूर्णतः बंद रखें जाने के दिये निर्देश दिए हैं। इस दौरान किसी भी प्रकार मदिरा का विक्रय होने पर कड़ाई से कार्यवाही की जायेगी।

पटवारी के लिए चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेजों का सत्यापन 18 को

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले में दस पदों पर पटवारी प्रशिक्षण हेतु मेरिट सूची में तैयार की गई है। मेरिट सूची में सम्मिलित उम्मीदवारों (अनारक्षित मुक्त/महिला/ पिछड़ा वर्ग/अनु. जाति/ अनु.जनजाति) को उनके मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु दिनांक 18 अगस्त को कार्यालय भू-अभिलेख शाखा दुर्ग में सुबह 11 बजे प्रस्तुति देनी होगी।

संस्थानों से मांगी रिक्तियों की जानकारी

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले के युवाओ को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल की शुरूआत की गई है। औद्योगिक व व्यवसायिक संस्थानों से रिक्तियों की जानकारी प्राप्त कर निजी क्षेत्र में कार्य करने युवाओं को रोजगार के अवसर दिया जा सके। निजी क्षेत्र के औद्योगिक व व्यवसायिक संस्थानों को रिक्तियों की जानकारी गुगल फार्म में प्रेषित कर सकेंगे। साथ ही घरेलु कार्यो जैसे मेड, कुक, ड्राईवर, माली, सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता आमतौर पर प्रत्येक घरो में होती है। जिस किसी को भी उपरोक्त कार्यो हेतु जनशक्ति की आवश्यकता हो वे जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये गुगल फार्म में जानकारी प्रेषित कर सकते है।

सिकोला व करहीडीह के कुछ खसरा नंबरों पर लगाई गई रोक

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले के ग्राम सिकोला एवं करहीडीह में स्थित कुछ भूमि के अवैध प्लाटिंग कर खरीदी बिक्री की जा रही है। प्रशासन ने सिकोला एवं करहीडीह के अवैध प्लाटिंग से संबंधित खसरा नंबरो के विक्रय पर रोक लगाई गई है। जिसकी जानकारी जिला पंजीयक के कार्यलय से प्राप्त कर सकते है।

पेंशन की कार्यवाही को बाधित करने पर लिपिक निलंबित

दुर्ग (नव प्रदेश) पेंशन की कार्यवाही का बाधित करने के चलते डीईओ कार्यलय में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 यतीन्द्र कुमार सोनी को निलंबित कर दिया गया है। एक सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ने कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से शिकायत किया था कि पेंशन प्रकरण के लिये डीईओ कार्यालय के लिपिक द्वारा अनाधिकृत राशि की मांग की गई थी।

आज के हालात के अनुसार भारत जोड़ों अभियान आवश्यक : साहू

देश की अखंडता को आज जाति धर्म के नाम पर तोड़ा जा रहा - जितेन्द्र

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अखिल भारतीय कांग्रेस के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम निर्देशानुसार आजादी की गौरव यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के विधायक व प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के नेतृत्व में आज पदयात्रा के दूसरे दिन राजीव लोचन अस्पाताल ग्राम चंदखुरी, ग्राम कोनारी, कुथरेल एवं ग्राम अंडा बस्ती होते हुये विश्राम गृह में पदयात्रा का समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा माहत्मा गांधी, नेहरुजी, सुभाष चन्द्र बोस, इंदिरा जी सहित सभी महापुरुषों के जिन्दाबाद के नारे लगाकर उनको याद किया साथ ही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जीएसटी के खिलाफ गगन भेदी नारे लगाए। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस मौके प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेंद्र साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि देश की अखंडता को आज जाति धर्म के नाम पर तोड़ा जा रहा है। इसलिए भारत जोड़ो अभियान की आज के हालात को देखते हुए इसकी आवश्यकता जरुरी हो गई है। आज देश में व्याप्त महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता परेशान है और देश में जाति धर्म को लेकर साम्प्रदायिकता का माहौल बना हुआ है, जिससे आपसी भाईचारा खत्म हो रहा है। जबकि इस देश को आजादी दिलाने में सभी धर्मो का बराबर सहयोग रहा है। आज हमें भारत जोड़ों अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक कर आपसी एकता बनाए रखने की आवश्यकता है।

पदयात्रा में स्थानीय स्तर पर निवासरत स्वंतत्रता संग्राम सेनानी / परिजनों तथा वरिष्ट कांग्रेसजनों से भेंट स्वरूप साल श्रीफल से सम्मान किया गया । जिसमें ग्राम चंदखुरी में वरिष्ट कांग्रेस अमृत देवांगन, ग्राम कोनारी में बी आर साहू, माखन सिन्हा, बालकृष्ण चन्द्राकर ग्राम कुथरेल में गंगा राम चन्द्राकर, लोकनाथ साहू, काशीराम सोनी अंडा में बंसी लाल चन्द्राकर, देवेंद्र सिन्हा का सम्मान किया गया, कृषि कल्याण बोर्ड के सदस्य दीपक गुरुजी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, विधयाक प्रतिनिधि केशव बंटी हरमुख, ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सेन, मुकुंद भाऊ, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ट रिवेंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी यादव, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुकेश चन्द्राकर, कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, सरपँच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर , समस्त पार्षद गण रिसाली , अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा एवं पार्षद गण, प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्णा देवांगन, सदस्य मंडी बोर्ड तारकेश्वर चन्द्राकर आदि लोग उपस्थित थे।

कलेक्टर व कमिश्नर ने लिया जलभराव क्षेत्रों का जायजा

- विधायक व महापौर ने निगम अफसरों को अलर्ट रहने कहा
- जेसीबी की मदद से पानी निकासी करने दिये निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत तेज बारिश के कारण शहर में जगह-जगह पानी भरने की समस्या का समाधान करने मेयर धीरज बाकलीवाल लगातार शहर का दौरा करते रहे। महापौर ने कई इलाकों में जेसीबी की मदद से पानी की निकासी करने कहा है। महापौर ने प्रभावित वार्डो का दौरा करने के बाद निगम अधिकारियों को हालात पर नजर रखने और रात भर चौकस रहने कहा है। घरों में पानी भरने या आपदा की स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश दिये गए हैं। आपको बता दें कि विधायक अरुण वोरा आज शाम से ही जलभराव वाले स्थानों का लगातार निरीक्षण करते रहे। पटरीपार के समस्याग्रस्त वार्डो सहित महावीर कालोनी, केलाबाड़ी, विवेकानंद नगर, बोरसी इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था करने वोरा ने लगातार निगम अफसरों को निर्देश दिये। निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे भी दोपहर के बाद से ही देर रात तक प्रभावित इलाकों का दौरा करते रहे। रात साढ़े 10 बजे वोरा ने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा को हालात की जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर भी वार्डो का दौरा करने निकल पड़े। विधायक अरुण वोरा, मेयर धीरज बाकलीवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे से चर्चा के बाद पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था करने और आपदा प्रबंधन की सारी तैयारियां करने के निर्देश दिये गए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जलभराव वाले क्षेत्रों को निगम ने चिन्हित किया है उन क्षेत्रों में विशेष रुप से टीम अलर्ट रहकर कार्य करें। नाला की समीपस्थ बस्तियों का इस दौरान आवश्यक रूप से निरीक्षण करें, जलभराव की संभावना वाले निचली बस्तियों में टीम नालियों की भी व्यापक रूप से सफाई रखें। आपदा की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन तैयार रखें।

सादगी पूर्ण मनाया गया जिला भाजपा अध्यक्ष का जन्मदिन

दुर्ग/नवप्रदेश। जन्मदिन को लोग धूमधाम से मनाते हैं लेकिन इसे परे हटकर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने बेहद सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। सर्प्रथम जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने पुराना बस स्टैंड स्तिथ जय शक्ति शिव हनुमान मंदिर में भगवान शिव एवं हनुमान जी की पूजा अर्चनाकर आशिर्वाद लिया। उनके जन्मदिन को लेकर पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने तिरंगा झंडा और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है बोल बम भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों से गुंजायमान कर दिया।पूजा अर्चना के बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं नन्दिनी अहिवारा के पूर्व विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, कैलाश शर्मा, प्रदेश मंत्री उषा टावरी, नगर निगम की पूर्व महापौर श्रीमति चन्द्रिका चन्द्राकर, कांतिलाल बोथरा, जिला महामंत्री द्वय ललित चन्द्राकर नटवर ताम्रकार, हर घर तिरंगा अभियान के सहप्रभारी विनायक नातू की उपस्थिति में केक काटा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया । इसके पश्चात सरदार पटेल चौक स्थित स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यर्पण किया। इस दौरान नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, अनूप गटागट, निरंजन लिम्जे, संदीप जैन, कांतिलाल जैन (गोलू), सतविंदर सिंह, मनोज शर्मा, मदन बढाई, संतोष कोसरे, प्रकाश साहू, पूर्व पार्षद नरेन्द्र चंदेल, गौरव शर्मा, केवल देवांगन, दीपक चोपड़ा, मनोज शर्मा,राहुल देवांगन, राहुल पंडित,गायत्री वर्मा,दीपक सिन्हा, ममता जैन, सुधा राठौर,गीता वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीएसपी के कोक ओवन विभाग में मनाया जाएगा आजादी का अमृत महोत्सव

भिलाई (नवप्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में 12 से 15 अगस्त, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव मनाएगा। इस अवसर को मनाने के लिए सीजीएम (सीओ एंड सीसीडी) राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग की टीम चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 12 अगस्त से 13 अगस्त 2022 तक बैटरी नं.-11 क्षेत्र में 75 पौधे रोपण किया जाएगा और ठेका मजदूरों के बच्चों को 75 स्टेशनरी किट का वितरण किया जाएगा। 14 अगस्त, 2022 को टीम सीओ एंड सीसीडी के 75 कार्मिकों द्वारा रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रगति भवन, ओए बिल्डिंग में किया जाएगा।

बारिश के बाद आयुक्त ने देखी नालों व जलभराव क्षेत्रों की स्थिति

- आयुक्त ने अफसरों को दिए जलभराव क्षेत्रों में जेसीबी की मदद से तत्काल पानी निकासी करने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने सभी बड़े नालों व वार्डो का निरीक्षण किया। कल दिनभर व रात्रि को हुए जमकर बारिश के कारण जलभराव की स्थिति जायजा लेने आयुक्त प्रकाश सर्वे अल सुबह निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम दुर्गा चौक शंकर नाला, शिवनाथ नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया, वहां उन्होंने पानी के फ्लो की स्थिति देखी, तत्पश्चात सहित मालवीय नगर नाला, केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला कसारीडीह नाला के समीप स्थित नाला आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसलिए आसपास के कचरे की सफाई भी व्यापक तौर पर हो जाए। बारिश के पानी के साथ कचरे की बहकर नालों में प्रवाहित होते हैं, ऐसी स्थिति में किनारों में कचरे एकत्र होने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी स्थितियों के लिए सदैव अपना अमला स्वास्थ्य विभाग तैयार रखें। आयुक्त ने वार्ड 2, 3 एवं 4 के तालाबों के पानी निकासी की जा रही है। वही वार्ड 35, 38, 39 एवं 55 शिवनाथ नदी ठाकुर होटल के आस पास सफाई व्यवस्थाओं पर अमला को निर्देश दिए। शहर क्षेत्र के सभी इस वर्ष बड़े नालों तथा छोटी नालियों की अच्छी सफाई होने की वजह से नालो में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो रही है। नालों से पानी का फ्लो अच्छा दिखा। आयुक्त ने अपने निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था भी देखी, प्रमुख सडक़ों में रोड स्विपिंग की जानकारी ली, सड़क किनारे अनावश्यक झाडियों को हटाकर सफाई करने के निर्देश दिए। वहीं नालों के समीपस्थ स्थितियों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देश पर शहर में लगातार बड़े नालों तथा छोटी नालियों की सफाई कराई जा रही है, जिसके चलते भारी बारिश में भी जलभराव की स्थिति नालो में निर्मित नहीं हो रही है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार साहू आ. राम कृपाल साहू निवासी रूआबांधा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम धनोरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 608/12 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि रामकृपाल साहू पिता स्व. प्राणपत्ति के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु राम कृपाल सिंह पिता स्व. प्राणपत्ति 18/6/22 हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 5/8/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 20220510200086/अ-06/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि चेनत चन्द्राकर पिता स्व. हल्लुराम निवासी कुथरेल मौजा कुथरेल प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. ..... तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 77 रकबा 3.14 हे. को खाता विभाजन कर अलग अलग ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 16/8/22 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/08/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार साहू आ. राम कृपाल साहू निवासी रूआबांधा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खम्हरिया तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 742/1, 739/12, 739/13, 739/16 रकबा 0.2027, 0.0179, 0.198, 0.0215 हे. भूमि जो कि रामकृष्ण पिता स्व. प्राणपत्ति के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु स्व. रामकृष्ण पिता प्राणपत्ति हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 5/8/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-51//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदिका श्रीमती नेहा दिवाले आ. स्व. एन.जी.साहा निवासी वी.आई.पी. नगर रिसाली तह. व जिला दुर्ग एवं अन्य 01 की ओर से अधिवक्ता श्री पुरूषोत्तम सोनारे द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा ने. 1/2, 2/2 का टुकड़ा प्लाट नं. एमआईजी 1/355 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि का धारक एन.जी.साहा आ.आर.आर. साहा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक एन.जी.साहा की मृत्यु दिनांक 17/12/2018 को एवं उनकी पत्नि श्रीमती मीरा साहा की मृत्यु दिनांक 14/11/2016 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान आवेदिकागण है। आवेदिकागण द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 24/8/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखनंदन यादव पिता स्व. ढेलू राम यादव निवासी ग्राम आजाद मार्केट रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 464/9 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रैमुन बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 8/8/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं तारकेश्वरी राजहंस पिता श्री एस.आर.राजहंस उम्र-34 वर्ष निवासी मकान नं. 56 जवाहर नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं। मेरे स्वयं के नाम पर ग्राम रायपुरा तह. व जिला रायपुर में एक प्लाट खसरा नं. 273/9 रकबा 2200 वर्गफुट भूमि स्थित है जिसे की मेरे नाना के द्वारा मेरे बाल्यावस्था में ही खरीदा गया था जिसमें मेरा नाम कु. टीनी राजहंस पिता एस.आर.राजहंस जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है। चूंकि बाल्यावस्था में मुझे टीनी के नाम से जाना जाता था। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों मे मेरा नाम तारकेश्वरी राजहंस पिता एस.आर.राजहंस दर्ज है तथा मैं उसी नाम से जानी जाती हूं। तारकेश्वरी राजहंस एवं टीनी राजहंस दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरा ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही महिला हूं। मै अपना नाम टीनी राजहंस (TINI RAJHANS) के स्थान पर अपना सही नाम तारकेश्वरी राजहंस (TARKESHWARI RAJHANS) राजस्व अभिलेख में सुधार कराना चाहती हूं जिसके लिए यह शपथपत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन कराने के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — तारकेश्वरी राजहंस

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रमीला देवांगन पति भुखन देवांगन उम्र-47 वर्ष जाति कोष्टा निवासी म.नं. 117 धनोरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के संयुक्त नाम पर मौजा धनोरा प.ह.नं. 39 स्थित भूमि खसरा नं. 315/10 रकबा 0.15 हे. पटवारी अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका के द्वारा छ.ग. राजपत्र प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 03/06/2022 को अपना नाम परमीला बेवा पति श्री भूखन नाम से परिवर्तन करके नया नाम श्रीमती प्रमिला देवांगन पति भूखन किया गया है। गजट प्रकाशन के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम परमीला बेवा भूखन के स्थ्लान पर प्रमिला देवांगन किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 29/7/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/7/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- ..//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमीत पिता राकेश कुमार स्वर्णकार साकिन प्रगति नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 353/15 कुल रकबा 0.0200 हे भूमि पर अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 5/8/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक संजीव प्रकाश नायक पिता स्व. प्रकाश चंद नायक निवासी ग्राम मालवीय नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 123/11 रकबा 0.032 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25/8/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/08/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-212//अ-20(3)/वर्ष 2021 -22

आवेदक मोहम्मद अलीओ कामदार आ. स्व. शाहीद हसन कामदार निवासी न्यू दीपक नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमी शीट क्र. 74 प्लाट नं. 3/31 क्षेत्रफल 231.857 वर्गमीटर भूमि धारक अकबर अली मोह.अली स्टेशन पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक अकबर अली की मृत्यु दिनांक 17/9/2020 को उनकी पत्नि बिनते जुहरा की मृत्यु दिनांक 22/9/2020 हो चुकी है। मृतक धारक का वारिसान उनके पुत्र शाहीद हसन साजिद हसन, जावेद हसन, वकार असन एवं पुत्री फरजामा अंजुम सलीम अजानी है। जिसमें से शाहीद हसन की मृत्यु दिनांक 11/9/2020 को हो चुकी है तथा इनके वारिसान उनकी पत्नि शाहिस्ता, एवं पुत्र मोहम्मद अलीओ कामदार है। आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख में विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 21/8/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/08/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती सुनीता देशलहरे	202207100400320

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती श्रीमती सुनीता देशलहरे पति विनोद कुमार देशलहरे निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तह. व जिला दुर्ग	493/8	0.020 हें 2200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/7/22 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती हेमिन बाई (HEMIN SAHU) पति ललित कुमार साहू (LALIT KUMAR SAHU) उम्र-33 वर्ष निवासी मकान नं. 125/6 वार्ड नं. 6 पाऊवारा उतई तह. व जिला दुर्ग की हूं। मेरी जन्मतिथि 01/04/1989 है। मेरी पुत्री पूनम साहू (PUNAM SAHU) जिसकी जन्मतिथि 11/02/2009 है जो कि कक्षा पहली से पांचवी तक की पढ़ाई प्राथमिक शाला पाऊवारा एवं कक्षा छटवीं से आठवीं तक पूर्व माध्यमिक शाला पाऊवारा में की है एवं कक्षा नवमीं उच्चतर माध्यमिक शाला पाऊवारा में अध्ययनरत् है, जिसके शालेय रिकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश टेमिन साहू (TEMIN SAHU) अंकित हो गया है। मेरा सही व वास्तविक नाम हेमिन साहू (HEMIN SAHU) है जो के मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 308141516066 पैन कार्ड क्रमांक KFKPS530L मतदाता परिचय पत्र क्रमांक IXGO519306 इंडियन ओवरसीज बैंक खाता क्रमांक 184301000017311 एवं राशन कार्ड क्रमांक 223793142319 से अभिप्रमाणित है। मेरे सही व वास्तविक नाम हेमिन साहू (HEMIN SAHU) को शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने एवं उस आधार पर मेरी पुत्री पूनम साहू (PUNAM SAHU) के स्कूल रिकार्ड में शासकीय-अर्धशासकीय दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती — हेमिन साहू

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

आवेदिका यव पाव लिव आ. मिन योग लिव उम्र-42 वर्ष निवासी मोहन नगर दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि बनिया पारा मोहन नगर, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित नजूल शीट-9 भूखण्ड क्रमांक 4/5 का टुकड़ा रकबा 1650 वर्गफीट का गृह निर्माण सहकारी समिति मार्या राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा पट्टा जारी किया गया है, जिसका पंजीयन आवेदक के पक्ष में दिनांक 22/7/22 को किए जाने के उपरांत आवेदक द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो तो वह अपना दावा/आपत्ति प्रकाण में 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/08/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202208103300005/202208103300005

विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

उरला प.ह.न. 00007 (199/3(0.0100 हे.))

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / श्रीमती मधु सोनकर अनावेदक पक्षकार - श्रीमती दीपा सोनपिपरे

ईश्तहार

तह. दुर्ग के प.ह.नं. 08 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के भूमिस्वामी श्रीमती मधु सोनकर आ. विजय सोनकर निवासी अयोध्यावासी धर्मशाला के पास वार्ड नं. 27 पालसायपारा दु तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि ख.नं. 199/3 में से रकबा 1201 वर्गफुट 0.0100 हे. में से 1000 वर्गफीट नामांतरण दुरूस्ती/खाता विभाजना के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है इस प्रकरण कीसुनवाई दिनांक 22/8/22 को सुबह 11 बजहे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तह. दुर्ग 03 पर की जावेगी।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/08/2022 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कॉलेज प्रबंधन की निष्क्रिता से 360 सीट में से मात्र 46 एडमिशन

नोटिस बोर्ड ही बस लगा है

हाल ही में कॉलेज प्रबंधन द्वारा यहां नोटिस बोर्ड ही लगाया गया है। कन्या कॉलेज बालोद के नाम से स्टीकर चिपका दिया गया है। बाकी अलग से प्रचार के लिए कोई साधन ही नहीं है। शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज प्रबंधन द्वारा ही इसका अटैचमेंट के जरिए संचालन किया जा रहा है। अलग से प्राचार्य नहीं है। वर्तमान कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्रद्धा चंद्राकर ही यहां की प्रभारी हैं। तो वहीं शासन से 6 नियमित प्राध्यापकों की पोस्टिंग यहां हो चुकी है। जिनकी सेवा घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में भी ली जा रही है। छात्राओं की कमी के चलते 6 नियमित प्राध्यापक घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज के अध्यापन में मदद कर रहे।

कॉलेज के प्राचार्य ने स्वीकारा, बोर्ड लगना चाहिए

कन्या कालेज की इस स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रद्धा चंद्राकर से पूछा कि एडमिशन नाम मात्र हो रहे, इसके पीछे वजह क्या है तो उनका कहना था कि आज भी छात्राएं घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज को प्राथमिकता देते हैं। उसके बाद सीट ना हो तो कन्या कॉलेज की ओर रुख करते हैं। कन्या कालेज के बारे में बताया जाता है। यूनिवर्सिटी से सीट आवंटित भी है। हालांकि यह बात तो सही है कि दाखिले कम ही होते हैं। पूरी सीट भर नहीं पाती है। अभी नया भवन नहीं बना है। वक्त लगेगा। हमारे ही कॉलेज में सुबह की शिफ्ट में कन्या कॉलेज की कक्षा चलती है। उनके स्टाफहमारे कॉलेज में भी अध्यापन में मदद करते हैं। उन्होंने इस बात को स्वीकारा कि प्रचार प्रसार के लिए अलग से एक बोर्ड लगाने की जरूरत है। ताकि छात्राओं को मालूम हो। इस पर ध्यान देंगे। ताकि पता चले कि कन्या कॉलेज भी यही पीछे संचालित होता है।

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले में उच्च शिक्षा लेने अब कन्या महाविद्यालय में स्टूडेंट्स ही नहीं मिल रहे हैं। आलम यह है कि जिले में संचालित कन्या महाविद्यालय में पिछले दो साल से एडमिशन लेने कोई नहीं पहुंच रहा है। महाविद्यालय का संचालन वर्तमान में घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ही सुबह की शिफ्ट में कक्षाएं चल रही है। लेकिन आश्चर्यजनक बात है कि कॉलेज प्रबंधन की निष्क्रयता से 2 साल से पर्याप्त प्रचार-प्रसार नहीं होने के चलते यूनिवर्सिटी द्वारा स्वीकृत सीटों में कोई एडमिशन ही नहीं ले रहा है। महाविद्यालय की मात्र 10 से 15 प्रतिशत सीटें ही मुश्किल से भर रहे हैं।

किसी तरह कई संकाय में 10 सीट ही दाखिला हो पा रहा है। जबकि 90 सीट आरक्षित है। इस शिक्षा सत्र में भी यही हाल दिख रहा है। सबसे बुरी स्थिति पिछले सत्र में देखने को मिला था। बीएससी प्रथम के संकाय में सिर्फ एक छात्र ने एडमिशन लिया था। इसके पीछे वजह चाहे जो भी हो लेकिन जिले में सिर्फ नाम का कन्या कॉलेज खुला है। जिसे नाम बोर्ड के लिए भी मोहताज होना पड़ा है। क्योंकि इसका संचालन कहां किस तरह से हो रहा है इसकी जानकारी छात्राओं को नहीं हो पा रही है। बालोद के घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में इसका संचालन हो रहा है। लेकिन कहीं अलग से इसका कोई बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। इससे छात्राओं को पता नही चलता। वे एडमिशन के लिए जाते तो हैं लेकिन कन्या कालेज नजर ना आने से फिर घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में एडमिशन ले लेती हैं। कुल मिलाकर देखा जाए तो कन्या कालेज रिकॉर्ड में खुला जरूर है। पर इसका लाभ जिले की छात्राओं को नहीं मिला है। आज भी छात्राएं पुराने कॉलेज में पढ़ाई कर रही है।

5 एकड़ में बनेगा कन्या कॉलेज

पीडब्ल्यूडी के अनुसार कन्या महाविद्यालय भवन 5 एकड़ की जमीन पर बनाया जा रहा। भवन के साथ पार्किंग स्टैंड, खेल परिसर भी रहेगा। पीडब्ल्यूडी नवशा अनुसार कन्या कॉलेज दो मंजिला रहेगा। पार्किंग, खेल मैदान, कैम्पस, बाउंड्रीवॉल सहित सर्वसुविधायुक्त भवन बनेगा।

3 साल पहले हुई थी घोषणा, कर्मा माता के नाम से होगा संचालन

राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार आई, तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पहले बजट में जिले को कन्या महाविद्यालय की सौगात दी। लेकिन जगह के अभाव के कारण ढाई साल से कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। अब लीड कॉलेज में कन्या महाविद्यालय का संचालन हो रहा है। तो वहीं विधायक संगीता सिन्हा के प्रयास से मुख्यमंत्री ने कन्या कालेज को भक्त माता कर्मा के नाम से संचालित करने की घोषणा भी की है।

4.65 करोड़ की लागत से कुंदरूपारा बालोद में बन रहा भवन

नाकोड़ा कंट्रक्शन दल्लीराजहरा द्वारा चार करोड़ 65 लाख की लागत से बालोद के कुंदरू पारा पारा पाररास क्षेत्र में कन्या कालेज भवन का निर्माण किया जा रहा है। जो साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है। पहले पुतली शाला जवाहर पारा की मरम्मत कर कन्या कॉलेज का संचालन करने की योजना थी। पुराने जर्जर स्कूल की मरम्मत में 16 लाख खर्च होने संभावनाएं के बाद विचार बदल दिया गया।

इस सत्र में प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों की संख्या अब तक

संकाय	कुल स्वीकृत सीट	प्रवेशित सीट	रिक्त सीट
बीएससी गणित	90	10	80
बीएससी बायो	90	20	70
बीकॉम	90	09	81
बीए	90	07	83
कुल सीट	360	46	314

बारिश का कहर : शिवनाथ नदी उफान पर भाटापारा-बिलासपुर सड़क मार्ग बंद

भाटापार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश ने कई जिलों में कहर बरपाया है। लगातार बरसात होने से नदी नाले उफान पर है। शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ने से वो भी पूरे शबाब में है।

अंचल सहित प्रदेश के अनेकों हिस्सो में पिछले 2 दिनों से हो रही अनवरत बारिश के कारण शिवनाथ नदी पर आई बाढ़ कि वजह से भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग पर स्थित सेमरियाघाट पुल के ऊपर से शिव नाथ नदी का पानी लगभग 3 फुट ऊपर बहने की वजह से उक्त मार्ग पर सड़क यातायात बन्द हो गया है। सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीण पुलिस ने बेरिकेट्स लगाकर सिपाही की तैनाती कर दी हैं सेमरिया घाट पुल ऊपर से शिवनाथ नदी का पानी बहने की खबर के बाद शहर के लोगो का कोतुहलवश जाना बना हुआ है। इस वर्ष यह पुल दुबारा बन्द हुआ है।सड़क यातायात बन्द होने से वाहन चालको को नांदघाट होकर जाना पड़ रहा है जिससे समय और पैसे दोनो का नुकसान हो रहा है। बहरहाल शिवनाथ नदी में आई बाढ़ की वजह से गुरुवार को भी सड़क मार्ग खुलने की संभावना कम बताई जा रही है क्योंकि क्षेत्र में लगातार बारिश जारी है।

जनपद कार्यालय सहित 3 दफ्तरों के सामने पानी भरा

भाटापार/नवप्रदेश। अंचल की अनवरत बारिश ने पूरे क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है जिसके चलते जहाँ सड़को पर नालियों का गंदा पानी बहने लगा वही 3 सरकारी कार्यलय के दफ्तरों के सामने भारी मात्रा में पानी का जमावड़ा हो गया। जिससे लोगों को आने जाने में काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

शहर के तीन प्रमुख दफ्तरों जनपद पंचायत कार्यलय, उप पंजीयक कार्यलय और कोषालय के सामने पिछले दो दिनों से हो रही अनवरत मूसलाधार बारिश के चलते कार्यलय के सम्मुख अच्छा खासा पानी का जमावड़ा हो गया हैं। जानकर लोगो के मुताबिक मुख्य मार्ग की सड़क ऊंची होने और पानी का ढाल इसी ओर होने व सड़क किनारे की नालियों के बंद हो जाने की वजह से पूरा पानी इन दफ्तरों के सम्मुख इकट्ठा हो जाता है। पानी की निकासी प्रॉपर नही होने की वजह से पानी अपनी धीमी गति से निकलता हैं। जनपद पंचायत कार्यलय में लगातार ग्रामीण क्षेत्र के लोगो सहित ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों के आना जाना लगा रहता है। इसके अलावा उपपंजीयक कार्यलय में रजिस्ट्री के नाम से क्रेता विक्रेताओं और दसतावेज लेखकों का लगातार आवा जाही बनी रहती है तथा कोषालय में सरकारी कर्मियों के आने जाने व स्टाम्प वेंडरों का आना जाना लगातार बना रहता है ऐसे में सरकार के ये 3 महत्वपूर्ण दफ्तरों में लगातार पानी भरने की शिकायत को अब तक दूर करने किसी भी तरह का कोई सार्थक प्रयास होता नजर नही आ रहा है।अंचल के लोगो ने अब इस दिशा में नवनियुक्त कलेक्टर रजत बंसल से उम्मीद लगाई हुई है।

लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर

देवकर/नवप्रदेश। ग्रमीण में विगत दिनभर से हो रही लगातार बारिश के चलते जिलेभर के नदी-नाले उफान पर नज़र आ रहे है, लिहाजा जिले की यातायात व्यवस्था के साथ आम जनजीवन पर व्यापक एवं प्रतिकूल असर पड़ रहा है।हालांकि यह बारिश क्षेत्र के किसानों के अति आवश्यक थी क्योंकि विगत कुछ हफ्तों से वर्षा के अभाव में खेतों में पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिससे फसल सूखने की कगार पर पहुंच गया था, लिहाजा क्षेत्र के किसान बंधु चिन्तित थे, जिन्हें मंगलवार से हो रही लगातार बारिश ने बड़ी राहत पहुंचा दी है। वही इस लगातार बारिश से जनजीवन खासा प्रभावित हुआहै, जिसमे इलाके के नदी नालों में भरपूर पानी होने से सम्पर्क साधन जलमग्न हो गया है,लिहाज नदी पर बने एनिकट, डैम, पुलिया सब उफान पर होने से यातायात व्यवस्था रुक जाने से चरमराई हुई है, जो आगामी दिनों के बाद ही वर्षा थमने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। फलस्वरूप ग्रामीण इलाकों में लगातार बारिश किसी के लिए मुसीबत बनी है तो किसी के लिए राहत का विषय बना है।

भारी बारिश की बाधा भी नहीं रोक पाई कांग्रेस की गौरव यात्रा

- आदिवासी समाज, महिला समूह, गौठान समूह, पंचायत प्रतिनिधियों का किया सम्मान
- राज्य सरकार की योजनाओं का पैंपलेट पहुंचा कर घर-घर लगाए तिरंगा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं सीएम भूपेश बघेल के निर्देश अनुरुप 75 किमी की पैदल यात्रा तय करने की शुरुआत हो गई। यात्रा के विधानसभा प्रभारी व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की अगुवाई में सिंघोला से इसकी शुरुआत हुई।

मंगलवार सुबह 9 बजे सिंघोला मंदिर में मां भानेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ गौरव यात्रा की शुरुआत की गई। भारी बारिश के बीच भी गौरव यात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह के साथ शामिल हुए। पहले दिन गौरव यात्रा सिंघोला से शुरू होकर सुरगी में समाप्त हुई। इस दौरान विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कांग्रेस ने आदिवासी समाज के सदस्यों का सम्मान किया और मंदिर परिसर में श्रमदान भी किया। आजादी की गौरव यात्रा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांव-गली में भ्रमण के दौरान लोगों को आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों से जुड़ी वीरगाथा भी सुनाई।

भारत माता के प्रति राष्ट्र भावना पैदा करने का उद्देश्य लिए इस यात्रा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान के संबंध में भी कांग्रेसियों ने जानकारी लोगों तक पहुंचाई। वहीं हाथ में तिरंगा लेकर निकली कांग्रेसियों की यात्रा में हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेसियों ने गांव-गली में घूमकर देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर महान सेनानियों के जीवनकाल और उनकी उल्लेखनीय भूमिकाओं के संबंध में जानकारी दी। कांग्रेस की यह यात्रा विधानसभावार 14 अगस्त तक चलेगी।

यात्रा में जिला संगठन प्रभारी अरूण सिसोदिया, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, महापौर हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, आफताब आलम, सुदेश देशमुख, रूपेश दुबे, पंकज बांधव, हनी ग्रेवाल, राजा त्रिपाठी, नरेश शर्मा, फिरोज अंसारी, महेंद्र शर्मा, राजू खान घनश्याम देवांगन, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, योगेंद्र वैष्णव, अशोक फड़नवीस, अमित चंद्रवंशी, मनीष गौतम, संतोष पिल्ले, निखिल द्विवेदी, विनय झा, भागचंद साहू, मनीष साहू, मधुकर बाजारी, बबलू सोनी, मेहुल मारू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

बारिश के बाद भी नहीं रुके कदम

मंगलवार को यात्रा के शुरुआत के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के कदम नहीं रुके। मूलसाधार बारिश के बीच शहर संगठन के प्रमुख नेता व कार्यकर्ता पदयात्रा में पूरे उत्साह के साथ मौजूद रहें। भारी बारिश की वजह से कुछ स्थानों पर यात्रा कुछ देर के लिए जरुरी रुकी, लेकिन निर्धारित रुट के मुताबिक यात्रा पहले दिन पूरी हुई।

पदयात्रा के दौरान इनका हुआ सम्मान

सिंघोला में दिलीप ठाकुर, पतिराम साहू, रमन साहू, लता बाई, सरोज, ताराबाई साहू, भोथीपार में केशव हिरवानी, गोपाल निषाद, गुलाब पटेल, माधो साहू, साधुराम, दिव्या हिरवानी, पलटन राम निषाद, मुजुन पटेल, राजाराम फैक्ट्री से अब्दुल नईम शेख, स्वामीनाथ यादव, मलपुरी से तलखोर मंडावी, नंदू मंडावी, खुमेश्वरी, भारती साहू, सुलोचना का सम्मान हुआ।

विश्व स्तनपान सप्ताह पर संगोष्ठी आयोजित

- मां का दूध नवजात के लिये अमृत तुल्य

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिवेंद्र सहयोग एवं जन कल्याण संस्थान और स्वास्थ्य विभाग राजनांदगांव द्वारा एलाइंस फॉर बिहेवियर चेंज के तकनीकी मार्गदर्शन में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर शंकरपुर में विचार संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस चर्चा कार्यक्रम मे स्तनपान के महत्व, शिशु जन्म के बाद मां का दूध क्यों पिलाना चाहिए। शिशु जन्म के 1 घंटे के अंदर पिलाना, क्यों महत्वपूर्ण है, उसके क्या फायदे है, शिशु तथा शिशुवती माता के पोषण से संबंधित जानकारी दी गयी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, जनप्रतिनिधि और स्वेच्छिक संगठन तथा मीडिया प्रतिनिधि जागरूक कार्यकर्त्ता, स्व सहायता समूह प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालनए संस्था के अध्यक्ष अनिमेष रॉय के द्वारा किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सिटी प्रोग्राम मैनेजेर सुश्री अनामिका विश्वास के द्वारा बताया बताया कि 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्तनपान के प्रति जागरूक करना है। नवजात शिशु के लिए पीला गाढ़ा चिपचिपा युक्त मां के स्तन का दूध संपूर्ण आहार होता है, जो कि उसे बहुत सारी बीमारी और संक्रमण से बचाता है यह बच्चे के बौद्धिक मानसिक व भावनात्मक और शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है और मां व बच्चे के बीच में एक गहरा और प्रगाढ़ संबंध बनाता है।

यूथ मोबिलाइजर पारुल पांडे ने बताया समाज की जिम्मेदारी हैं कि महिलाओं को उनके स्तनपान संबंधी अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना। साथ ही घर एवं कार्यस्थल में इस प्रकार का माहौल बनाना कि स्तनपान करने वाली महिलाओं किसी प्रकार की असुविधा ना महिला एवं बाल विकास से पर्यवेक्षक श्रीमती हुलास सिन्हा कहा कि जब तक बच्चा दूध पीता है, तब तक स्तन में दूध पैदा होता है एवं बच्चे के दूध पीना छोड़ने के पश्चात कुछ समय बाद तक स्वता ही स्तन से दूध आना बंद हो जाता है, स्तनपान कराने वाली मां व शिशु दोनों के लिए फायदेमंद होता है।

यूनिसेफ से अभिनय सिंह ठाकुर ने बताया कि शिशु के जन्म के 1 घंटे के भीतर ही स्तनपान कराने चाहिए जिससे उनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे विभिन्न प्रकार के रोगों से तो बचाव होता तथा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग शर्मा ने कहा कि सारी भ्रांतियों को दूर कर विश्व स्तनपान सप्ताह में हमें महिलाओं एवं समाज को स्तनपान के ज्यादा से ज्यादा जागरुक करना चाहिए तथा मीडिया कर्मी श्रीमती मीरा साहू नीरा साहू ने उक्त कार्यक्रम को जनमानस तक पहुंचाने के लिए यथासंभव मदद देने का वादा किया। उन्होंने बताया कि मीडिया ऐसे भी सरकारी योजनाओं का बढ़-चढ़कर प्रचार-प्रसार करती है तथा उन्होंने शिवेंद्र सहयोग एवं जन कल्याण द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए सराहा। रेडक्रास सोसाइटी के संगठन प्रदीप शर्मा द्वारा संस्था द्वारा किए जा रहे हैं, इस प्रकार के प्रयासों के लिए संस्था को साधुवाद दिया।कार्यक्रम का समापन संस्था द्वारा बनाई गई लीफ्लेट का विमोचन किया जिसमें स्तनपान से जुड़ी हुई सारी जानकारियां उपलब्ध है। कार्यक्रम का समापन संस्था के अध्यक्ष अनिमेष राय के द्वारा सभी का धन्यवाद देकर किया गया।

जीएसटी कार्यलय में लिपिकों की हुई बैठक

भाटापार/नवप्रदेश। छ ग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक जी एस टी कार्यालय में सम्पन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में लिपिक उपस्थित हुए।बैठक का मुख्य उद्देश्य लिपिकों की सदस्यता की जानकारी, आगामी आंदोलन की तैयारी की समीक्षा, व संघर्ष निधि के संबंध में आम राय था।लिपिक संघ की बैठक प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी, संभागध्यक्ष दीपक मिश्रा जिलाध्यक्ष गौतम हाजरा संरक्षक आकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। लिपिक संघ की इस बैठक में प्रांताध्यक्ष रोहित तिवारी ने कहा कि 22 अगस्त को हमे फेडरेशन द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन आंदोलन में सहयोग हमारे संगठन को करना है और वो महंगाई भत्ते व गृह भाड़े भत्ते को लेकर होगा लेकिन लिपिकों के वेतन विसंगति की लड़ाई के लिए लिपिकों को ही आगे आना होगा और अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए तैयार रहना होगा।लिपिक संघ के संभागाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि 17 फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में जो लिपिकों के वेतनमान मे सुधार की घोषणा की है अब लिपिक साथी उस घोषणा को पूरा करने के लिये आंदोलन के लिये आगे आये। लिपिक संघ की बैठक का आभार जिलाध्यक्ष गौतम हाजरा ने किया। इस अवसर पर चेतन सिन्हा, शंकर दास मानिकपुरी, वंदना साहू, श्रद्धा तिवारी, हर्षवर्धन झा, प्रशांत पांडे, दिनेश शर्मा, ओमप्रकाश साहू, अभिजीत, जी आर नायक, विवेक राजपूत, गौरव वैरागड़े, अमितेश तिवारी, शिबू जॉन टेकराम यादव, घनोद मार्कण्डेय, नितेश कुमार चार्ली, सनत कुमार वर्मा, इत्यादि लिपिक उपस्थित रहे।

जिपं सभापति कविता ने जन्मदिवस पर खीर पुड़ी बांटी

भाटापार/नवप्रदेश। जिला पंचायत बलौदा बाजार भाटापारा की सभापति कविता कुमलेश देवांगन के जन्मदिन के अवसर पर जन सेवा संस्था छत्तीसगढ द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन में लोगो को खीर पुड़ी और सब्जी वितरण का किया गया। सभापति ने अपने जन्मदिन के दिन सावन का आंखरी सोमवार होने के कारण भोले नाथ की पुजा अर्चना कर क्षेत्र के लोगो की खुशहाली की कामना की। जिला पंचायत सभापति कविता देवांगन ने जन सेवा संस्था के पंडाल पहुँचकर लोगो को प्रसाद वितरण किया एवम अपने आपको बहुत ही भाग्यशाली मानते हुए संस्था के संस्थापक इंजीनियर के के देवांगन सहित सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख सदस्य हेम कामरी यशवंत यदु, पेंड्री सरपंच केशव यदु, अमित देवांगन,सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। वही उसके बाद अपने निवास कार्यालय में अपने परिवार,क्षेत्र के लोगो एवम कार्यकर्ताओ के साथ केक काटकर जन्म दिन मनाया।

NAGAR PANCHAYAT, SARAGAON
E-Procurement Tender Notice (1st Call)

SYSTEM TENDER NO: 106649 NIT NO : 619 Saragaon, dated 10.08.2022

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 31.08.2022 at 17.30 Hours.

Sl. No.	Description	Cost of Tender/ Bid Submission Frees
1	STREET LGHT INSTALLATION WORK :- (1) FROM BUS STAND TO BDM SCHOOL (2) FROM BADRI CHOWK TO NH (CGPWD ELECTRICAL S.O.R 01.06.2020)	(1) Rs 32.97 Lacs (2) RS. 311/-

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal *http://eproc.cgstate.gov.in* From 10.08.2022 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT SARAGAON

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्र. 19/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2022 रायपुर, दिनांक 10/08/2022

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा ''अ'' में सीलबंद निविदाएं तथा लिफाफा ''ब'' में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 25.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक-02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदाएं उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकादार की श्रेणी	एस.ओ.आर.	समयावधि	निविदा प्रपत्र
1	वार्ड क्र. 13 अंतर्गत कर्मा विद्या मंदिर साहू पारा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	500000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
2	जोन क्र. 02 अंतर्गत स्थापित मोटर पंपों के रिपेरिंग हेतु निकालने एवं डालने का कार्य।	399500=00	4000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	नान एसओआर दर	06 माह	स

1 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जाएगी। अमानती राशि की एफडीआर की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। छायाप्रति संलग्न करने पर निविदा की प्रक्रिया से सीधे उम्मीदवारी निरस्त कर दिया जावेगा।
2. सक्षम बैंक साल्वेंसी, पंजीयन कापी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी की फोटो कापी स्वप्रमाणित आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. ठेकेदार/सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान के पूर्व जीएसटी विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
5. अंतिम भुगतान या धरोहर राशि की विमुक्ति के पूर्व, देय कर का शासकीय कोष में जमा कराए जाने का सत्यापन कराया जाना होगा।
6. ठेका कार्य सिर्फ जीवित GST पंजीयन धारक को प्रदाय किया जावेगा। अन्यथा नगर निगम, रायपुर द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
8. निविदा प्रपत्र हेतु सक्षम श्रेणी में लो.नि.वि., छ.ग. शासन से पंजीकृत ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगे।
9. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्र.-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

अलर्ट : स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए दवाइयां ही हैं कारगर, झाड़-फूंक नहीं

■ स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट, लक्षण आने पर अस्पताल जाने की सलाह

कबीरधाम/नवप्रदेश। राज्य के कुछ जिलों में स्वाइन फ्लू की दस्तक होने पर स्वास्थ्य विभाग ने जिले की जनता को सजग करते हुए अलर्ट जारी किया है। स्वाइन फ्लू से बचाव के लिए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द, उल्टी-दस्त आदि की शिकायत होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने तथा स्वाइन फ्लू की जांच कराने की अपील की जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में स्वाइन फ्लू पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है तथा इससे बचाव के लिए लगातार प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसी बीच स्वाइन फ्लू से बचाव के प्रयासों को प्राथमिकता में रखकर पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की सीमा से सटे कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही यहां के विभिन्न अस्पतालों में स्वाइन फ्लू जांच केंद्र भी बनाए गए हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुजॉय मुखर्जी ने बताया: एच1एन1 वायरस अन्य रेगुलर ह्यूमन फ्लू वायरस की ही तरह है जो फ्लू सीजन में लोगों को अधिक प्रभावित करता है। एच1एन1 टाइप ए इन्फ्लूएंजा एक वायरल इंफेक्शन है जो मूल रूप से सूअरों से मनुष्यों में फैला था। यह वायरस एक इंसान से दूसरे इंसान में भी फैल सकता है। इसीलिए सर्दी, खांसी, बुखार, बदन दर्द या उल्टी-दस्त सहित किसी भी रूप में स्वाइन फ्लू के लक्षण प्रतीत होने पर इन लक्षणों को सामान्य मानकर घरेलू उपचार या झाड़-फूंक करके समय नहीं गंवाना चाहिए, बल्कि तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए तथा विशेषकर सबसे पहले स्वाइन फ्लू जांच कराना चाहिए, ताकि जल्द से जल्द राहत पाई जा सके।

बचाव के लिए मास्क ही सबसे बेहतर उपाय

सीएमएचओ डॉ. मुखर्जी ने बताया कि फ्लू सीजन में बुनियादी स्वच्छता का ख्याल रखकर और सर्जिकल मास्क पहनकर इस संक्रमण से बचा जा सकता है। स्वाइन फ्लू के कई मामले गर्मी और मानसून सीजन में बढ़ जाते हैं। हालांकि, इस बीमारी से बचाव के लिए विभिन्न टीकों के साथ ही कई तरह के एंटीवायरल ट्रीटमेंट भी मौजूद हैं। इन सभी में बेहतर यही होता है कि इन दवाओं का सेवन डॉक्टर की देखरेख में ही किया जाए।

यह है स्वाइन फ्लू के लक्षण

कोविड-19, वायरल फीवर आदि के लक्षण इंफ्यूएंजा से आपस में काफी मिलते-जुलते हैं। इसमें बुखार, सिरदर्द, ठंड लगना, दस्त, खांसी और छींक आने जैसे लक्षण शामिल हैं। स्वाइन फ्लू या एच1एन1 इन्फ्लूएंजा ए वायरस ने पहली बार 2009 में इंसानों को प्रभावित किया था और डब्ल्यूएचओ ने 2010 में इसे महामारी घोषित किया था। हालांकि, विश्व स्तर पर अब लोगों ने इस वायरस के खिलाफप्रतिरक्षा विकसित कर ली है। ऐसे में इस वायरस से अब आसानी से बचाव संभव है।

कलेक्टर के निर्देश पर आंबा केंद्र में रनिंग वाटर की हुई व्यवस्था

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूल की सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। इसी कड़ी में विगत दिनों कलेक्टर ने पंडरिया विकासखंड के ग्राम रहमानकापा के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां आंगनबाड़ी केंद्र में नल कनेक्शन में खराबी होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था करके पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। आंगनबाड़ी केंद्र के नल में तत्काल रनिंग वाटर की व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारी जीपी गौड़ को दिए। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में रनिंग वाटर की व्यवस्था कराई गई। अब आंगनबाड़ी केन्द्र के नल में पानी आने से बच्चों को स्वच्छ पानी मिल रहा है। वही पानी के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। कलेक्टर द्वारा जिले के आंगनबाड़ी और स्कूल की सुचारू व्यवस्था के लिए लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिन आंगनबाड़ी और स्कूल में कमी पाई जा रही है उसे दूर करने स्थल में ही अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। इसके साथ ही वहां की शिक्षा व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का भी जायजा ले रहे है।

महासमुंद में विधायक चंद्राकर करेंगे ध्वजारोहण

महासमुन्द/नवप्रदेश। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को महासमुंद विधायक विनोद चंद्राकर मिनी स्टेडियम महासमुंद में ध्वजारोहण करेंगे। चंद्राकर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से आज बुधवार को जारी कर दिए गए है। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में प्रातः 9 बजे शुरू होगा। इधर कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने किया बेरला में सभा स्थल एवं हेलीपेड का मुआयना

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शुक्रवार 12 अगस्त को प्रस्तावित बेरला प्रवास को लेकर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आज बुधवार को बेरला में सभा स्थल एवं हेलीपेड का मौका मुआयना किया। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने आमसभा स्थल में आमजनों के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, छाया के लिए वाटर प्रूफपंडाल, बैरीकेट्स, मंच, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेरला संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, कार्यपालन अभियंता छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कम्पनी साजा दिलीप कुमार रात्रे, तहसीलदार बेरला मनोज कुमार गुप्ता, अतिरिक्त सीईओ आलोक कुमार सातपुते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

भारत जोड़ों अभियान के तहत कांग्रेसियों ने निकाली गौरव यात्रा

साजा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कृषि व पंचायत मंत्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक मुख्यालय साजा क्षेत्र के ग्राम बीजागोंड से आजादी के 75 वे हीरक जयंती के अवसर पर भारत जोड़ों अभियान के तहत स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करने एवं उनके जीवन विचारों को आमजनों तक पहुंचाने हेतु आजादी गौरव पदयात्रा का प्रथम दिवस का शुभारंभ किया। यह पदयात्रा (9 से 14 अगस्त 2022 तक) साजा विधानसभा के सभी ग्रामों पर जाकर अमर बलिदानियों की वीर गाथाओं को आमजनों तक पहुंचाएगी। उक्त अवसर पर परस सिन्हा अध्यक्ष महा साजा, मनोज जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि, विजय दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, ओम प्रकाश वर्मा पूर्व अध्यक्ष, बिहारी साहू प्रतिनिधि, विनोद कुंजाम विधायक प्रतिनिधि, राजू चौहान, दिनेश साहू, किलूश यदु, सुशील यदु, पंकज राठी, जितेंद्र जैन, संग्राम राजपूत, खेलन बघेल, हेमंत साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, अवधेश गोयल, तोप सिंह राजपूत, अंजोर यदु, ईश्वर वर्मा सरपंच, जीवेश जंघेल, रोशन अग्रवाल एल्डरमैन, आयुष यदु, लिकेश साहू, हितेश सिन्हा एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।

कांग्रेस की गौरव यात्रा का बेमचा से आगाज

12 को झालखम्हरिया से होगी शुरूआत

आजादी के 75वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव पर आयोजित गौरव यात्रा के तहत 12 अगस्त को ग्राम पंचायत झालखम्हरिया से पदयात्रा की शुरूआत होगी। गौरव यात्रा के विधानसभा प्रभारी विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 अगस्त को सुबह 11 बजे ग्राम पंचायत झालखम्हरिया से गौरव यात्रा निकलेगी। जो सिरगिड़ी, कोसरंगी, खट्टी, लभराकला, परसदा ख, केशवा से होते बोरियाझर में समाप्त होगी।

महासमुंद/नवप्रदेश। आजादी के 75वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव पर मंगलवार से संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में ग्राम बेमचा से विधानसभा स्तरीय गौरव यात्रा का आगाज हुआ। मंगलवार को ग्राम पंचायत बेमचा से गौरव यात्रा की शुरूआत हुई। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मां खल्लारी मंदिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा की शुरूआत की। बेमचा में पदयात्रा के बाद काफिला परसदा ब, कौंदकेरा, बनसिवनी, जुनाडीह, सोरिद, चोरभट्ठी, गौरखेड़ा, उमरदा, मुड़मार होते पतेरापाली में समाप्त हुई। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि देश को आजाद करवाने ओर तिरंगा बनाने में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस कार्यक्रम आयोजित कर रही है। 14 अगस्त तक गौरव पदयात्रा निकाली जाएगी। गौरव यात्रा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, बीज अनुसंधान समिति छग के संचालक दाउलाल चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, राजेंद्र चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, अरूण चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, विजय साव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि सचिन गायकवाड़, लोकेश चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, राजू साहू, देवेंद्र चंद्राकर, आवेज खान, ममता चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, नीतेंद्र बेनर्जी, हेमंत चंद्राकर, रेखराज पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

प्रथम पेज का शेष...

बीजेपी से दलों का...

में मीडिया से चर्चा की। इस दौरान बिहार में हुए सत्ता परिवर्तन को लेकर कहा कि बिहार का तो हर व्यक्ति राजनीतिज्ञ होता है। राजनीति वहां की आबोहवा में है। नितीश कुमार आठवीं बार मुख्यमंत्री बन रहे हैं। उनको बधाई। तेजस्वी और महागठबंधन के घटक दलों को भी बधाई। ' मुख्यमंत्री ने कहा, एनडीए में पहले उसका सबसे मजबूत साथी अकाली दल छूटा। फिर महाराष्ट्र में शिवसेना उनसे छूटा। अब जेडीयू ने भी एनडीए से किनारा कर लिया है। अब एनडीए के प्रति जो अविश्वास है वह बढ़ा है। यह संकेत दे रहा है 2024 के लिए।' छत्तीसगढ़ भाजपा में बदलाव को लेकर एक सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा में जो अंतरकलह है उसे दबाने के लिए इस तरह के बदलाव हो रहे हैं। अभी बहुत सारे परिवर्तन देखने को मिलेंगे। यह गुटबाजी और उभरकर सामने आएगी। अभी भाजपा बहुत से एक्सपेरिमेंट करेगी।

आदिवासी महोत्सव...

कार्यक्रमों की वजह से मुख्यमंत्री ने टाल दिया। पिछले साल अक्टूबर में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत शोरेन को मुख्य अतिथि बनाकर बुलाया था।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष के...

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक दिल्ली पहुंच गए हैं। उन्होंने बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। ऐसा माना जा रहा है कि नेता प्रतिपक्ष को बदलने का आदेश पार्टी की तरफ से जारी हो सकता है। इससे पहले जब प्रदेश अध्यक्ष को बदला गया था, तब राष्ट्रीय नेतृत्व ने विष्णुदेव साय को दिल्ली बुलाया गया था। प्रदेश के नेताओं की नजर अब दिल्ली पर टिक गई है। माना जा रहा है कि 2023 विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा छत्तीसगढ़ में नए प्लान के साथ उतरने की तैयारी में है। प्रदेश में यदि नेता प्रतिपक्ष बदले जाते हैं तो उनकी जगह कौन ले सकता है यह सवाल उठ रहे हैं तो बता दें कि नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में सबसे आगे जांजगीर विधायक नारायण चंदेल नजर आ रहे हैं, उनके साथ ही कुरूद विधायक व पूर्व मंत्रीअजय चंद्राकर और भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा का नाम भी चल रहा है।

संगठन महामंत्री ...

शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सूत्रों के मुताबिक संगठन के कामकाज को लेकर संतुष्ट नजर नहीं आए। छग से लौटने के बाद उन्होंने आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद से ही शीष नेतृत्व छग में पूरी तरह से चेहरा बदलने पर फोकस शुरू कर दी है।

जस्टिस यूयू ललित...

ने ही 'स्किन टू स्किन टच' पर फैसला दिया था। इस फैसले में माना गया था कि किसी बच्चे के शरीर के यौन अंगों को छूना या 'यौन इरादे' से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कृत्य पॉक्सो अधिनियम की धारा-7 के तहत 'यौन हमला' ही माना जाएगा। पॉक्सो अधिनियम के तहत दो मामलों में बॉम्बे हाईकोर्ट के विवादास्पद फैसले को खारिज करते हुए जस्टिस ललित की पीठ ने कहा था कि हाईकोर्ट का यह मानना गलती था कि चूंकि कोई प्रत्यक्ष 'स्किन टू स्किन' संपर्क नहीं था इसलिए यौन अपराध नहीं है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 281/2022-23
वार्ड का नाम- वीरसावरकर नगर -1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर-1 स्थित मकान/ भूमि एफ-201 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती उजमा प्रभात पति प्रभात चतुर्वेदी के नाम से दर्ज है, जिसको टीना साहू D/o स्व. मधुकर प्रसाद ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 280/2022-23
वार्ड का नाम- वीरसावरकर नगर -1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर-1 स्थित मकान/ भूमि डी-205 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती नीलम सिंह पति राजकुमार सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती टीना साहू पिता स्व. मधुकर प्रसाद साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना
ऑनलाईन निविदाएं ''प्रपत्र-ए'' में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए DWSM, KABIRDHAM की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव DWSM द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य का विवरण :- कबीरधाम जिले के कवर्धा एवं स. लोहारा विकासखण्ड में स्वीकृत एकल विलेज नल जल नल जल प्रदाय योजनांतर्गत पेयजल प्रदाय एवं इत्यादि कार्य।

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	योजना का नाम एवं विकासखण्ड	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
270/Dt. 04.08.2022	106187	विकासखंड स.लोहारा के ग्राम हरदी	53.52
271/Dt. 04.08.2022	106188	विकासखंड कवर्धा के ग्राम नयापारा	99.47
272/Dt. 04.08.2022	106189	विकासखंड स.लोहारा के ग्राम रेंदाटोला	72.45

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्राक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 04.08.2022 से देखी जा सकती है।
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 25.08.2022
कार्यपालन अभियंता
जी-93504/2 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कबीरधाम (छ.ग.)**

कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
// सार्वजनिक सूचना //
गरियाबंद, दिनांक 19/07/2022
प्रकरण क्रमांक 202112220800017/अ-82
चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित ग्राम दबनई प.ह.नं. 20 तहसील देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.) की निजी भूमि का सार्वजनिक प्रयोजन यथा- अमाड़ व्यपवर्तन योजनांतर्गत मुख्य नहर निर्माण कार्य के लिए आवश्यकता है। अतएव राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016 के प्रावधानों के तहत अनुसूची में वर्णित भूमि को छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन संभाग गरियाबंद के पक्ष में क्रय किए जाने हेतु विचार किया जा रहा है।
अनुसूची
(क्रय की जाने वाली भूमि/भू-धारकों का विवरण)

स.क्र.	भूमि स्वामी का नाम/पिता या पति का नाम	क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि (हेक्टेयर में)			सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
		खसरा	रकबा	प्रभावित रकबा	
(01)	(02)	(03)	(04)	(05)	(06)
1	चण्डाल मण्डाल पिता बुल्लु जाति राउत सा.दे.भूमि स्वामी	85/2	0.20	0.07	अमाड़ व्यपवर्तन योजनांतर्गत मुख्य नगर निर्माण
2	राजेन्द्र, रामानंद पिता धेनुराम, सजनीबाई पति धेनुराम सा.दे. भूमि स्वामी	85/3	0.550	0.050	
3	तुलाराम पिता अर्जुन सिंह सा.दे. भूमि स्वामी	91/1	0.510	0.010	
4	बिमला, भाग्यवती, रमेशलाल, लक्ष्मी, वेंक्टेश्वर हससोबाई सा.दे. भूमि स्वामी	127	0.840	0.190	
5	सुखचंद पिता कोंदा, पुनितराम, पुस्तम, जयराम पिता कोंदा सा.दे. भूमि स्वामी	90/2 90/9	0.63, 0.25	0.10	
6	राधेलाल, कृष्ण, श्यामलाल, कस्तुरी, पिता परमानंद सजोबाई पति परमानंद, गुन्धु, गंधर्व, टिकनेश्वर पिता हगरा जाति माहरा सा.दे. भूमि स्वामी	90/3	0.560	0.240	
7	रामेश्वर कश्यप पिता तिहारू, जुगेश्वर पिता तिहारू जाति माहरा सा.दे. भूमि स्वामी	90/4 90/11	0.11, 0.16	0.11	
8	दुर्गा पिता बिहारी सा.दे.भूमि स्वामी	90/10	0.220	0.160	

क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि- कुल प्रभावित खसरा नं. 10 कुल प्रभावित रकबा 0.93 हेक्टेयर
02/- यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई दावा/आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आधार सहित लिखित में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवभोग के समक्ष स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।
भू-अर्जन अधिकारी कलेक्टर गरियाबंद देवभोग एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
जी-93525/2

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 209/2022-23
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/डी-83/397 शैलेन्द्रनगर जो कि निगम अभिलेख में श्री वासुदेव नचरानी पिता नामदेव नचरानी, प्रदीप कुमार नचरानी पिता श्री टहलराम नचरानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री कमलेश नचरानी पिता स्व. टहलराम नचरानी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 180/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ बी-106 बाटल हाऊस जो कि निगम अभिलेख में श्री रघुवीर सिंग s/o भगत सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्री अवनीत सिंग ओबेराय s/o रघुबीर सिंग ओबेराय रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 10/8/2022 **जोन आयुक्त**
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 181/22-23
वार्ड का नाम- शंकर नगर-30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शंकर नगर-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 30/1331 न्यू शांतिनगर नत्थानी अपार्टमेंट जो कि निगम अभिलेख में श्री शिवकुमार सरैया s/o जी.पी. सरैया के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती नीता सरैया w/o स्व. शिवकुमार सरैया, अवनीश सरैया, अनीश सरैया दोनों के पिता स्व. शिवकुमार सरैया रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 10/8/2022 **जोन आयुक्त**
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार, डुमरतराई रायपुर में स्थित दुकान क्र. ए-92, श्री प्रदीप कुमार धाड़ीवाल पिता स्व. श्री पदमचंद जी धाड़ीवाल के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5837 दिनांक 28.09.2010 द्वारा स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 26.02.2013 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त लिया गया है। मूल आबंटी श्री प्रदीप कुमार धाड़ीवाल पिता स्व. श्री पदमचंद जी धाड़ीवाल की मृत्यु दिनांक 03.04.2021 को हो जाने के कारण उनके वारिसान श्री प्रमोद धाड़ीवाल पिता स्व. श्री पदमचंद जी धाड़ीवाल, निवासी म.नं. 36 विवेकानंद नगर, राजेन्द्र बाल उद्यान के सामने रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसके अनुसार नामांतरण किया जाना है।
अतः उक्त दुकान के नामांतरण करने के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 168/2022-23
वार्ड का नाम- हवलदार अब्दुल हमीद-36
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हवलदार अब्दुल हमीद 36 स्थित मकान/ भूमि RPR436I008AN जो कि निगम अभिलेख में श्री मोहनलाल गुप्ता s/o स्व. एस.पी. गुप्ता के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री आनंद कुमार अग्रवाल पिता बजरंग लाल अग्रवाल 2. गोपाल अग्रवाल s/o श्याम सुंदर अग्रवाल 3. अंकित तिवारी s/o रवि तिवारी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

किरण की 'लापता लेडीज' मार्च 2023 को होगी रिलीज

नई दिल्ली (वार्ता)। इस वर्ष की बड़ी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के साथ सिनेमाघरों में 'लापता लेडीज' का मनोरंजक टीजर जारी करने के साथ, निर्माता-निदेशक किरण राव ने अपनी अगली फिल्म के रिलीज होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। तीन मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में 'लापता लेडीज' रिलीज होगी जिसमें नितांशी गोयल, प्रतिभा रंता, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन मुख्य भूमिका में हैं। किरण राव की पहली फीचर फिल्म 'धोबी घाट' आने के एक दशक से ज्यादा समय के बाद, उर्जावान फिल्ममेकर की अगली फिल्म 'लापता लेडीज' अपनी विचित्र कहानी, प्रफुल्लित संवादों और प्रतिभावान कलाकारों के लिए बहुप्रतीक्षित है। अपने दिलचस्प और मजेदार शीर्षक की तरह ही 'लापता लेडीज' का टीजर भी बहुत रोमांचक है। इसका निर्देशन किरण राव ने किया है और इसके निर्माता आमिर खान और किरण राव हैं। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शन और किंडलिंग प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है और इसकी कहानी बिप्लव गोस्वामी की पुरस्कृत कहानी पर आधारित है। इसका पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई ने लिखा है और अतरिक्त संवाद दिव्यानिधि शर्मा का है।

राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बुधवार को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर एक प्रदर्शनी की शुरुआत की। प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने आज निदेशकों और वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। वर्तमान में आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव के रूप में यह प्रदर्शनी सरकार के संस्कृति मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार लगाई गई है। डीएमआरसी ने एक बयान में कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की परिकल्पना उन लाखों लोगों की पीड़ा, कष्ट और दर्द दिखाने के लिए की गई है, जिन्होंने विभाजन का दर्द सहा है। यह देश को पिछली सदी में बहुत बड़ी संख्या में मानव आबादी के विस्थापन की याद दिलाती है, इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान भी गंवाई थी।

कोविड टीकाकरण में 207.13 करोड़ से अधिक टीके लगे

नई दिल्ली (वार्ता)। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 207.13 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह बुधवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक दो अरब सात करोड़ 13 लाख 71 हजार 204 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 16 हजार 47 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही, देश में कोरोना रोगियों की संख्या एक लाख 28 हजार 261 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.29 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.94 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 19 हजार 539 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 35 लाख 35 हजार 610 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.52 प्रतिशत है।

द. कोरिया में कोरोना के एक लाख 51 हजार से अधिक नए मामले

सोल (वार्ता)। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस 151,792 नये मामले दर्ज किए जाने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या 2,08,45,973 तक पहुंच गयी है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को दी। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार यहां इससे एक दिन पहले संक्रमण के 1,49,897 मामले दर्ज किये गये थे। देश में ओमिक्रोन के नए स्वरूप में मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दक्षिण कोरिया में पिछले एक सप्ताह से इस जानलेवा विषाणु के औसतन 1,13,400 नए मामले प्रतिदिन दर्ज किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक नए मामलों में से 615 विदेशों से आए लोग संक्रमित हैं। इसके साथ ही देश में विदेशों से आए कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 49,594 पहुंच गयी है। वर्तमान में जहां कुल कोरोना सक्रिय मामलों में से 402 मरीजों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं इसके संक्रमण से 50 और मरीजों की मौत हुयी है, जिसके कारण मृतकों की कुल का आंकड़ा बढ़कर 25,382 हो गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 0.12 प्रतिशत है।

जापानी मंत्रिमंडल का किया गया विस्तार

टोक्यो (वार्ता)। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने प्रशासन को जनता का समर्थन नहीं मिलने की वजह बुधवार को अपने मंत्रिमंडल और सत्तारूढ़ दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की कार्यकारिणी में फेरबदल किया। नए बदलाव के अनुसार पूर्व रक्षा मंत्री यासुकाजु हमदा ने नोबुओ किशी की जगह ली और फिर से रक्षा विभाग संभाल लिया है। विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी, वित्त मंत्री शुनिची सुजुकी और मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो अपने पदों पर बने रहेंगे। इन लोगों को इनके पदों पर बनाए रखने के पीछे श्री किशिदा का उद्देश्य आर्थिक और राजनयिक मुद्दों को दबाने के लिए निरंतरता सुनिश्चित करना है। एलडीपी महासचिव तोशिमित्सु मोतेगी और एलडीपी के उपाध्यक्ष तारो एसो भी अपने पदों पर बने रहेंगे। नए मंत्रिमंडल में एलडीपी के नीति प्रमुख साने ताकाची को आर्थिक सुरक्षा मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। पार्टी के जनसंपर्क (पीआर) प्रमुख तारो कोनो को डिजिटलीकरण विभाग में मंत्री बनाया गया है।

जर्मनी में बच्चे में मंकीपॉक्स का पहला मामला

बर्लिन (वार्ता)। जर्मनी में बच्चे में मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आया है।संक्रामक रोगों के लिए रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने बताया कि चार साल की एक बच्ची इस वायरस से संक्रमित दो वयस्कों के साथ एक घर में रहती है। पिछले सप्ताह यहां 15 और 17 वर्ष की आयु के किशोरों में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुयी थी। उल्लेखनीय है कि मंकीपॉक्स इस साल मई में विशेष रूप से यूरोप में अपना पैर पसारना शुरू किया था। जर्मनी में इस संक्रमण के पहले मरीज के पाए जाने के बाद से अब तक इससे 2,982 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। आरकेआई ने कहा, वर्तमान साक्ष्य बताते हैं कि मंकीपॉक्स मुख्य रूप से यौन गतिविधि के कारण फैलता है। विशेष रूप से उन पुरुषों में, जो अन्य पुरुषों के साथ यौन संपर्क स्थापित करते हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोई भी व्यक्ति इससे गंभीर रूप से प्रभावित नहीं होता है।

अमेरिका में 30 हजार से अधिक उपयोगकर्ताओं ने ट्वीटर की सेवा छोड़ी

वाशिंगटन (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका में मंगलवार करीब दो बजे तक 30 हजार से अधिक माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्वीटर के उपयोगकर्ताओं ने इसकी सेवाओं का उपयोग रोक दिया है। आउटेज ट्रैकर डाउन डेटेक्टर ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उपयोगकर्ताओं द्वारा ट्वीटर की सेवाओं का उपयोग रोकने का कारण नहीं पता चल सका है। डाउन डेटेक्टर विभिन्न स्रोतों से स्थिति रिपोर्ट एकत्र करता है और उनके शुरुआती चरणों में सेवा व्यवधानों का पता लगाने के लिए वास्तविक समय में उनका विश्लेषण करता है।

1909 में शुरू की गई पत्रिका 'स्त्री दर्पण' के नए अंक का लोकार्पण

लोकतंत्र ही नहीं सभ्यता पर भी आया संकट : अशोक वाजपेयी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के जाने-माने बुद्धिजीवियों ने 'लोकतंत्र' को बचाने के लिए लोगों से एक बार फिर भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत करने का आह्वान किया है और कहा है कि जो लोग बात-बात में हमें पाकिस्तान भेजने की बात कहते हैं उनके खिलाफ हमें 'भारत छोड़ो' का नारा देना चाहिए।

हिंदी के प्रख्यात लेखक, संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ,जानी मानी इतिहासकार मृदुला मुखर्जी, इंटरनेशनल बूकर प्राइज से सम्मानित लेखिका गीतांजलि श्री और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका मृदुला गर्ग ने मंगलवार शाम भारत छोड़ो आंदोलन एवं हिंदी भूषण शिवपूजन सहाय स्मृति समारोह में यह आह्वान किया। समारोह में नेहरू खानदान की रामेश्वरी नेहरू द्वारा 1909 में शुरू की गई पत्रिका 'स्त्री दर्पण' के नए अंक का लोकार्पण भी किया गया। इस पत्रिका के संपादक वरिष्ठ पत्रकार कवि अरविंद कुमार और इन्दू में प्रोफेसर सविता सिंह हैं। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित इस समारोह में वक्ताओं ने यह भी कहा कि आजादी की लड़ाई में स्त्रियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया था और आज स्त्रियों की मुक्ति के बिना आज़ादी का कोई अर्थ नहीं है। वाजपेयी ने कहा कि आज भारतीय लोकतंत्र ही नहीं बल्कि पूरी सभ्यता ही खतरे में है। हमारी सभ्यता 5 हज़ार वर्ष पुरानी तथा दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता रही है। हमारी सभ्यता और संस्कृति ने कुछ मूल्य विकसित किये थे जो ध्वस्त होते जा रहे हैं और सत्ता की हर क्षेत्र में घुसपैठ होती जा रही है। इसके खिलाफ नागरिकों को आगे आना होगा और जिस तरह आजादी की लड़ाई में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया गया था उस तरह उनको भी यह देश छोड़ना पड़ेगा जिनके कारण आज लोकतंत्र ही नहीं हमारी सभ्यता के सामने संकट पैदा हो गया है।

उन्होंने इस संकट के लिए हिंदी पट्टी को जिम्मेदार ठहराया जहां हत्या से लेकर बलात्कार और अपराध की घटनाएं सबसे अधिक हैं। इस संदर्भ में उन्होंने उत्तर प्रदेश का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग क्रांति की बातें बड़ी बड़ी करते है पर करते नहीं इसलिए हमें यह लड़ाई अकेले भी लड़नी पड़ेगी। टैगोर ने एकला चलो रे की बात कही थी और महादेवी वर्मा ने भी 'पंथ रहने दो अपरिचित प्राण रहने दो अकेला' लिखा था और उसमें अकेले लड़ने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि स्त्री दर्पण पत्रिका को केवल स्त्रियों के बारे में ही नहीं बल्कि मौजूदा सवालों के बारे में भी आवाज़ उठानी पड़ेगी।

गीतांजलि श्री ने समाज में धार्मिक भावनाओं के आहत होने की चर्चा करते हुए कटाक्ष किया कि इस देश में आये दिन स्त्रियों की भावनाएं आहत होती हैं, पाठकों की संवेदनाएं भी आहत होती हैं। क्या उनके बारे में कभी कुछ सोचा गया। उनका इशारा गत दिनों आगरा में उनके साथ घटी घटना की तरफ था जब उनकी किताब 'रेत समाधि' से धार्मिक भावनाओं के आहत होने के आरोप के चलते उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया।

पांच दशक से साहित्य में सक्रिय श्रीमती मृदुला गर्ग ने कहा कि इस संकट के लिए हम भी थोड़ा बहुत जिम्मेदार हैं क्योंकि तानाशाह को हमने चुना है।

अपने बुरे दौर से कोहली ज़रूर बाहर आएंगे : जयवर्धने

दुबई (वार्ता)। श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने कहा है कि भारत के स्टार बल्लेबाज़ विराट कोहली एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उनके पास ख़राब फॉर्म से बाहर निकलने के लिए सभी ज़रूरी संसाधन उपलब्ध हैं। दुबई और शारजाह में शुरू हो रहे एशिया कप के 15 सदस्य टीम में विराट कोहली और केएल राहुल का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 अगस्त से 11 सितंबर तक किया जाएगा।

हालिया समय में कोहली अपने क्रिकेटिंग करियर के सबसे खराब फॉर्म से गुज़र रहे हैं। नवंबर 2019 के बाद से उन्होंने अब तक एक भी शतक नहीं लगाया है। जुलाई में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ़ छह पारियां खेली थी, जिसमें एक टेस्ट, दो वनडे और तीन टी20 मैच शामिल थे। इस दौरान वह सिर्फ़ 76 रन ही बना पाए थे। इसके बाद कोहली को वेस्टइंडीज़ और ज़िम्बाब्वे के दौरे पर आराम दिया गया।

आईसीसी रिव्यू शो के ताज़ा एपिसोड में जयवर्धने ने कहा, ''विराट इस समय जिस दौर से गुज़र रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि इसमें कोई शक़ नहीं है कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मेरा मानना है कि विराट के पास इससे बाहर निकलने के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। उन्होंने पहले भी ऐसा किया है और मुझे यक़ीन है कि वह इससे उबर जाएंगे। क्लास स्थायी है और फॉर्म अस्थायी है।''

राहुल ने स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई थी और इससे उबरने के दौरान कोरोना संक्रमित होने के कारण वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़टी20 सीरीज़ में भाग नहीं लिया था। एशिया कप के दौरान वह उपकप्तान के रूप में टीम में वापसी कर रहे हैं। जयवर्धने के अनुसार हाल में राहुल ने ज्यादा क्रिकेट नहीं खेला है और यह उनके लिए नकारात्मक पक्ष साबित हो सकता है। जयवर्धने ने इस संदर्भ में कहा, ''क्रिकेट से इतने समय तक राहुल का दूर रहना भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है। उन्हें जितने जल्दी क्रिकेट खेलने का मिल जाए, उतना ही अच्छा है। यह राहुल और भारतीय टीम के लिए बहुत ज़रूरी है।'' श्रीलंका के पूर्व कप्तान को लगता है कि भारत को एक बार हाथ के सलामी बल्लेबाज़ के साथ मैदान पर उतरना चाहिए।

मुम्बई खिलाड़ीज का नेतृत्व करने के लिए तैयार विजय हजारे

पुणे (वार्ता)। कोल्हापुर के एक दुकान मालिक के बेटे विजय हजारे, जिन्हें अल्टीमेट खो-खो के उद्घाटन सीजन के लिए मुंबई खिलाड़ीज टीम का कप्तान बनाया गया है, ने अपनी व्यक्तिगत यात्रा के अलावा टूर्नामेंट के लिए टीम की महत्वाकांक्षाओं को लेकर खुलकर बात की।

विजय ने कहा, ''मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि अल्टीमेट खो-खो के पहले ही सीजन में मैं मुंबई खिलाड़ीज टीम का नेतृत्व करते हुए कैसा महसूस कर रहा हूं। मेरी मां खो-खो खेलती थीं, लेकिन कई तरह की बाधाओं के कारण वह इसे करियर के तौर पर नहीं अपना सकीं। मैं उनके सपने को पूरा करना चाहता हूं और उच्चतम स्तर पर खो-खो खेलना चाहता हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह मेरे खेल का ठीक उसी तरह आनंद उठाएं, मानों वह खुद मैट पर हों।''

रेलवे के लिए काम करने वाले 26 वर्षीय हजारे ने आगे कहा, ''मेरा सफ़र कठिन रहा है। मेरे पिता की पान की दुकान है, इसलिए वित्तीय चुनौतियां थीं। लेकिन मेरे परिवार ने हमेशा मेरा समर्थन किया है और उनकी वजह से ही मैं आज यहां हूं। मुझे खुशी है कि मैं अपने जुनून का पालन करते हुए अपने पिता और परिवार का सहयोग करने में सक्षम हूं।''

14 अगस्त से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से पहले टीम के माहौल के बारे में विजय ने कहा, ''टीम बहुत अच्छे से और प्रगतिशील तरीके से आगे जा रही है। एक कप्तान के तौर पर मैं सभी से बात करता हूं और उन चुनौतियों को समझने की कोशिश करता हूं, जिनका वे सामना कर रहे हैं।''

नाइजीरिया में कैथोलिक चर्च पर गोलीबारी के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

अबुजा (वार्ता/स्पूतनिक)। नाइजीरिया के ओन्डो प्रांत के कैथोलिक चर्च में हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गवर्नर रोटिमी अकेरेडोलू ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। नाइजीरियाई ट्रिब्यून ने श्री अकेरेडोलू के संवाददाता सम्मेलन के हवाले से बताया कि हमला करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। नाइजीरिया के दक्षिण-पश्चिम में ओंडो के कैथोलिक सूबा ने बताया कि पांच जून को सेंट फ्रांसिस कैथोलिक चर्च पर बंदूक और बम से किये हमले में 38 श्रद्धालु मारे गए थे। गिरफ्तार किये लोगों की पहचान इदरीस अब्दुलमालिक ओमीज़ा, इदरीस ओजो, मोमोह ओजो अबुबकर, अलीयू यूसुफ इटोबचका और औवाल इशाक ओनिमिसी के रूप में हुई है।

ताइवान में सेना अथवा प्रशासक न भेजने के वादे से पीछे हटा चीन

बीजिंग (वार्ता)। चीन ने ताइवान को वापस लेने के बाद सैनिकों या प्रशासकों को वहां नहीं भेजने का अपना वादा वापस ले लिया है। बुधवार को एक आधिकारिक दस्तावेज दिखाया गया है, जो राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा पहले से कम स्वायत्ता देने के फैसले का संकेत देता है।

स्व-शासित ताइवान पर अपनी स्थिति पर चीन का श्वेत पत्र द्वीप के पास अभूतपूर्व चीनी सैन्य अभ्यास के दिनों का अनुसरण करता है, जिसे बीजिंग पिछले सप्ताह अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की यात्रा के विरोध में अपने क्षेत्र के रूप में दावा करता है।

ताइवान ने चीन के संप्रभुता के दावों को खारिज किया, कहा कि द्वीप के 23 लोगों को अपना भविष्य तय करना चाहिए और अपने लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए।

चीन ने 1993 और 2000 में ताइवान पर पिछले दो श्वेत पत्रों में कहा था कि वह एकीकरण प्राप्त करने के बाद 'ताइवान में रहने के लिए सैनिक या प्रशासनिक कर्मियों को नहीं भेजेगा।' ताइवान को यह आश्वस्त करने के लिए कि वह चीन का एक विशेष प्रशासनिक क्षेत्र बनने के बाद स्वायत्ता का आनंद लेगा, वह नवीनतम श्वेत पत्र में प्रकट नहीं हुआ। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रस्तावित किया था कि ताइवान 'एक देश, दो प्रणाली' मॉडल के तहत अपने शासन में वापस आ सकता है, जिस फ़ार्मूले के तहत हांगकांग की पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश 1997 में चीनी शासन में लौट आया था।

विश्व चैंपियनशिप : क्वार्टरफाइनल में सी यंग से भिड़ेंगी पीवी सिंधु

कुआला लंपुर (वार्ता)। विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप की घोषणा करते हुए बताया कि पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु क्वार्टरफाइनल में कोरिया की आन सी-यंग का सामना करेंगी।

लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय को एक ही ड्रॉ में रखा गया है। बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप का आयोजन टोक्यो में 21 से 28 अगस्त के बीच किया जाएगा। पहली बार जापान में आयोजित हो रहा है। सिंधु को पहले दौर में बाई दिया गया है। उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये दूसरे दौर में एशियाई चैंपियन चीन की वांग ज़ी यी और क्वार्टरफाइनल में कोरिया की आन से यंग का सामना करना होगा।

उल्लेखनीय है कि दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु ने पांच बार कोरियाई खिलाड़ी का सामना किया है और पांचों बार उन्हें हार मिली है। साइना नेहवाल को ड्रॉ के अंतिम हिस्से में रखा गया है और पहले दौर में उनका सामना हॉन्ग कॉन्ग की चियुंग न्यान यी से होगा। यदि वह पहले राउंड में जीत हासिल कर लेती हैं तो दूसरे राउंड में उनकी मुलाकात पूर्व विश्व चैंपियन नोज़ोमी ओकुहारा से होगी।

दूसरी ओर, पिछले सत्र के पुरुष मेडलिस्ट श्रीकांत, सेन और प्रणय को एक ही ड्रॉ में रखा गया है उनमें से एक खिलाड़ी ही सेमीफाइनल तक का सफ़र तय करेगा।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के सिल्वर मेडलिस्ट श्रीकांत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये मलेशिया के ली ज़ी जिया की चुनौती का सामना करना होगा जबकि प्रणय को मुकाबला दूसरे राउंड में पूर्व चैंपियन जापान के कोंटो मोमोटा से होगा।

एसआईपी एकेडमी ने भारत में 1000 से भी ज्यादा गरीब बच्चों को शैक्षणिक सहयोग देने की घोषणा की

मुंबई। एसआईपी एकेडमी ने आज गरीब बच्चों की शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिये आज सामाजिक प्रभाव वाली पहलों की घोषणा की। उन्होंने बच्चों की मदद करने के महत्व पर जोर दिया, खासकर उनकी जो कि गरीब पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखते हैं। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा कराए गए अध्ययन के अनुसार, इस महामारी ने चुनौती को और भी ज्यादा कठिन बना दिया है। मैनेजिंग डायरेक्टर, दिनेश विक्टर ने भारत में एसआईपी एकेडमी के परिचालन की 19वीं वर्षगांठ के मौके पर यह घोषणा की। एसआईपी फाउंडेशन के माध्यम से, यह संस्थान भारत में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों में कौशल विकास के लिये कई पहलों को सहयोग दे रहा है। एसआईपी फाउंडेशन के माध्यम से यह संस्थान भारत में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों में कौशल विकास के लिये कई सारी पहलों को सहयोग दे रहा है।

दिनेश विक्टर, मैनेजिंग डायरेक्टर-एसआईपी एकेडमी इंडिया का कहना है कि एक संस्थान के रूप में यह बच्चों में कौशल विकास के महत्व को पहचानता है। अपने कार्यक्रमों एसआईपी एबेकस (भारत के प्रमुख एबेकस ट्रेनिंग प्रोग्राम), ग्लोबलआर्ट (भारत के प्रमुख क्रिएटिव आर्ट ट्रेनिंग सेंटर्स) और माइंडस (एक अनूठा स्कूल आधारित अंग्रेजी भाषा प्रोग्राम) के माध्यम से जीवन कौशल विकसित करने का काम कर रहा है। एसआईपी एकेडमी बच्चों और स्कूलों को सीखने के उस अंतर को भरने में मदद करने और संख्यात्मकता, साक्षरता और बच्चों की रचनात्मक क्षमताओं का एक मजबूत आधार तैयार करने में एक अनोखी स्थिति में था।

इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, दिनेश विक्टर, मैनेजिंग डायरेक्टर, एसआईपी एकेडमी ने बच्चों को सॉफ्ट स्किल सिखाने के महत्व पर जोर दिया। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि उन्होंने सामाजिक पहलों के बारे में जागरूकता और संवेदना बढ़ाने की जरूरत का उल्लेख किया।

मनुष्यों को प्रकृति के साथ खिलवाड़ का भारी कीमत चुकाना पड़ रहा-गुटेरेस

मेरी पीढ़ी बहुत मूर्ख थी: गुटेरेस

उलानबटार (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मंगोलिया में वर्ष 2030 तक एक अरब पेड़ लगाने के कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को कहा कि उनकी पीढ़ी बहुत मूर्ख थी क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और प्रदूषण के साथ प्रकृति विरूद्ध युद्ध की घोषणा की और प्रकृति के साथ 'छेड़छाड़' करके इंसान ने अपने अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है।

गुटेरेस ने कहा, मनुष्यों को प्रकृति के साथ खिलवाड़ का भारी कीमत चुकाना पड़ रहा है। तूफान, बाढ़, आदि प्राकृतिक आपदाओं और वायु, ध्वनि और जल समेत कई तरह के प्रदूषण, ये ऐसी आपदाएं हैं जो दुनिया भर में कई लोगों के जीवन के लिए चुनौती बन गयी हैं और लोग कई गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने कहा, आपकी पीढ़ी के पास प्रकृति के साथ शांति स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण कार्य है, आज हम जो करने जा रहे हैं, वह प्रकृति के साथ शांति स्थापित करने के उस नए दृष्टिकोण का संकेत होना चाहिए। मंगोलिया में 2030 तक एक अरब पेड़ लगाने के आपके अद्भुत कार्यक्रम में मुझे एक बहुत छोटा योगदान देने की अनुमति देने के लिए आप लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपकी परियोजना का हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मुझे यहां भाषण देना था, लेकिन मैं आपको पेड़ों के साथ अपनी कहानी बताना चाहता हूं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, मेरे नाना के परिवार का नाम 'ओलिवेरा' था जिसका पुर्तगाली में मतलब जैतून का पेड़ है। मुझे यह पारिवारिक नाम विरासत में मिला है। मुझे ओलिवेरा गुटेरेस कहा जाता है, जो मेरे दो परिवार के नाम हैं। एक दिन मेरे नाना जी मेरे साथ एक छोटे-से खेत में आए, और मुझे एक छोटा जैतून का पेड़ दिखाया। मैं उस समय एक छोटा बच्चा था। उन्होंने मुझसे कहा, मैंने यह जैतून का पेड़ उस दिन लगाया था जिस दिन तुम्हारा जन्म हुआ था। मैं चाहता हूं कि तुम जीवन भर पेड़ों का सम्मान करो और याद रखो कि तुम्हारी एक 'बहन पेड़' है। यह वृक्ष तुम्हारे जीवन का प्रतीक होना चाहिए। गुटेरेस ने कहा, मुझे अपने नाना जी बात से बहुत खुशी हुई क्योंकि मेरे देश में एक हजार साल से अधिक पुराने जैतून के पेड़ हैं, लेकिन मेरा एक हजार साल जीने का इरादा नहीं है। मुझे खुशी है कि मेरी एक बहन (जैतून का पेड़) है और मेरे मरने के बाद अधिक समय तक जीवित रहेगी। उन्होंने कहा कि मंगोलिया में एक अरब पेड़, मरुस्थलीकरण, जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन के संबंध में एक बड़ा अंतर लाएंगे।

दिसंबर में खेली जाएगी लंका प्रीमियर लीग

कोलम्बो (वार्ता)। पिछले महीने देश में व्याप्त आर्थिक संकट के कारण स्थगित किया गया लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का तीसरा सीजन इस साल दिसंबर में खेला जाएगा। एलपीएल टूर्नामेंट के आयोजक सामंथा डोडनवेला ने मीडिया से कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एलपीएल 6 से 23 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। एलपीएल के आधिकारिक प्रमोटर आईपीजी ने भी ट्विटर पर इस खबर की पुष्टि की।

देश की स्थिति के कारण श्रीलंका क्रिकेट ने जुलाई में टूर्नामेंट को स्थगित करने का निर्णय लिया था। प्रायोजकों ने भी महसूस किया था कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लीग का आयोजन करना सही नहीं था।

नाले के तेज बहाव में डूबे युवक का नहीं मिला शव

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिले के ग्राम आड़ावाल के समीप नेशनल हाइवे स्थित गोरिय बहार नाले से एक युवक ने छलांग लगा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह युवक देखते ही देखते नाले के तेज बहाव में बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही बोधघाट पुलिस व नगर सेना के बचाव दल पहुंचकर युवक की तलाश में जुट गए। बाढ़ का पानी अधिक होने से शव के दूर निकलने की आशंका जताई जा रही है। बोधघाट थाना प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि हाटकचोरा निवासी बुधराम बघेल ने गोरिया बहार नाले में अचानक छलांग लगा दिया।

करंट व गाज से दो व एक की डूबने से मौत, एक ने लगाई फांसी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में करंट और आकाशीय बिजली गिरने से दो की और फांसी तथा पानी में डूबने से दो की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार सांकरा थाना क्षेत्र निवासी गोवर्धन बरिहा (45 साल) ने गांव के दरसराम के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी तरह कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम दाईजबांधा निवासी शंभुलाल साहू (62 साल) की मौत डबरी खार स्थित स्वयं के खेत में बिजली तार गिरने से हो गई। इधर, पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली निवासी एवन बरिहा की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। पुलिस ने बताया कि वह खेत में काम कर रहा था इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। वहीं तेन्दूकोना थाना क्षेत्र निवासी केशवराम बरिहा की शराब के नशे में मातागुड़ी डबरी में डूबने से मौत हो गई।

मामूली बात पर युवक को मारा चाकू

रायपुर/नवप्रदेश। सारागांव स्थित गांधी चौक के पास मामूली बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

कुंभकर्णी नींद में वनकर्मी! ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने खोद डाला जंगल

- **ठेकेदार की मनमानी, बिना अनुमति पीएचई के ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने खोद दी वनभूमि**

यशवंत राजवाड़े

कोरिया/नवप्रदेश। वन भूमि के सड़क को पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति बुलडोजर लगवा कर दो किमी से अधिक वन मार्ग को खोद डाला गया और विभाग के अफसरों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जबकि जिस स्थान पर खुदाई की गई है वहां से महज कुछ ही दूरी पर परिक्षेत्र सहायक का निवास है। मामला कोरिया वनमण्डल अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारीडांड़ का है। जहां जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइप बिछाने ठेकेदार ने वन मार्ग को लगभग 2 किमी सड़क बिना

अनुमति जेसीबी से खोद डाला जिसकी भनक वहां के वन अमले को ही नहीं है। अब ये जंगल की सुरक्षा कैसे करते है इससे आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं? जब इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई तो वह भी संवेदनहीनता की हद को पार करते हुए तत्काल कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझे और वन कर्मियों के मौके पर पहुंचते तक चालक जेसीबी लेकर गायब हो चुका था।

शिकायत के 5 घंटे बाद पहुंचे अफसर

वनभूमि को ठेकेदार द्वारा जेसीबी लगाकर खोदने की शिकायत की गई तो शिकायत के बाद करीब 5 घंटे बाद वन विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी वहां पहुंचे। तब तक जेसीबी मशीन अपना कार्य कर चला गया था। ऐसे में सवाल ये उठता है कि वनों की सुरक्षा का दायित्व जिन कंधों पर है। वहीं इस तरह अपने कार्य को लेकर उदासीन नजर आ रहे हैं। वर्तमान में बारिश का मौसम चल रहा है। इसके बाद भी पीएचई विभाग द्वारा ठेकेदार को खड़गवां विकास खंड के ग्राम पंचायत बंजारीडांड़ में पाइप बिछाने का आदेश दे दिया।

विकास की राशि भ्रष्टाचार की गर्त में, योजनाओं पर लग रहा पलीता

नवप्रदेश लगातार

सुकमा/नवप्रदेश। पिछले अंक में प्रमुखता से बारिश में बहे भ्रष्टाचार का सड़क और पुल के खबर प्रकाशन के बाद बारिश में सड़क और पुल के ढह जाने का एक और मामला प्रकाश में आया है। जिले में दो दिनों की बारिश ने कुछ को खुशियां दी हैं तो कुछ को मायूस किया। बारिश के वजह से ग्रामीण इलाको में सड़के और पूल ध्वस्त हो चुके हैं। जिससे अब लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से मुख्यालय से कट चुके हैं। इसकी मुख्य वजह पीएमजीसीवाई विभाग के द्वारा जिले भर में कराए गए सड़क निर्माण में ठेकेदारों की सड़क पुल पुलिया का गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य, जिससे दो दिनों की बारिश जमीनी हकीकत सामने रख दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बने सड़के और पुल पुलिया विकास के दावों के पोल खुलते दिख रहे। नित नए दिन जिले के अलग अलग ग्रामीण क्षेत्रों से सड़क और पुल बारिश में बह जाने का मामला सामने आ रहा हैं। सड़क और पुल बहने का एक और मामला सामने आया हैं। छिंदगढ़ ब्लॉक के लेदा से पेरमापारा के बीच 24 किमी बनी पीएमजीएसवाई विभाग से बना सड़क पुल पूरी तरह ढह गया हैं। सड़क और पुल दोनो एक साथ ही जमींदोज हो गए हैं।

तकनीकी गुणवत्ता में बरता गया अनियमितता

24 किमी की इस सड़क के पहले शुरुवाती हिस्से के दो किलोमीटर में बना पुल बारिश के कारण ध्वस्त हो गया। ठेकेदार के गुणवत्ता में भ्रष्टाचार कर कई तकनीकी अनियमितता बरती गई। बारिश ने कुछ समय के लिए स्थानियों के जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया हों। लेकिन इस बारिश ने यह जरूर बता दिया की आखिर किस तरह विभागीय जिम्मेदार और भ्रष्ट ठेकेदार एलसी कटरे की जुगलबंदी ने विकास की आड़ में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य ने शासन के करोड़ों रुपए को चूना लगाया है।

महज 13 माह में ही ढहा पुल

लेदा और पेरमापारा के मध्य बसे तीन ग्राम पंचायतों के गांवों को एक ही मार्ग के जरिए मुख्यालय से जोड़ने के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सीजी 03/70 पैकेज की सड़क का 1468 लाख में मेसर्स एल सी कटरे से 15/06/2019 को अनुबंध कर सड़क निर्माण कार्य दिया गया। जिसे 15/06/2021 के समयावधि पर पूर्ण कर दिया गया। लेकिन सड़क पर बने पुल महज 13 माह भी नहीं टिक सका और पहली बरसात में ही दो दिन की बारिश में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जिससे फिर एक बार इलाके के कई ग्राम पंचायत अब मुख्यालय से पूरी तरह कट गए हैं।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

मीडिया के माध्यम से मामले के संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर हरीश एस ने मामले में निष्पक्ष जांच कर आंकलन के बाद जिम्मेदार पर कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही परफ ॉर्मेंस गारंटी पर ठेकेदार से क्षतिग्रस्त कार्य का मरम्मत करवा कर पुनः सड़क बहाल कर पुल को व्यवस्थित करने प्रभावित आवागमन सेवाओं को शुरू किया जाएगा।

चलेगा अभियान : 15 अगस्त से 15 सितम्बर तक लगेगा नि:शुल्क बूस्टर डोज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में 15 अगस्त से निशुल्क बोस्टर डोज लगाने अभियान शुरू होगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा। बुधवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में कोविड-19 टीकाकरण के मानिटरिंग के लिए गठित राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। जिसमें समिति के सदस्यों को सीएस ने कहा कि 15 अगस्त से 15 सितम्बर की अवधि में विशेष अभियान चलाकर कोविड टीकाकरण व बूस्टर डोज लगाया जाए। उन्होंनें सभी शासकीय कर्मियों और उनसे जुड़े परिजनों, विभागीय योजनाओं के लाभार्थीयों सहित अन्य नागरिकों का इस अभियान के माध्यम से टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। संभागीय मुख्यलायों में स्थित पांच बड़े कार्यालयों में 11 अगस्त से 14 अगस्त की अवधि में टीकाकरण कैम्प लगाकर टीकाकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तरह 15 अगस्त के बाद 19-20-21 अगस्त को ब्लॉक स्तर के पांच बड़े कार्यालय केम्पस में टीकाकरण शिविर लगाने कहा गया है।

38 लाख लोगों को लगा बूस्टर डोज

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव मनिन्दर कौर द्विवेदी ने बताया कि आजादी के 75 वें वर्षगाठ के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त से 15 सितम्बर तक की अवधि में कोविड-19 के बूस्टर डोज नि:शुल्क लगाये जायेगें। प्रदेश में अब तक करीब दो करोड़ 22 लाख 76 हजार 912 लोगों को प्रथम डोज, एक करोड़ 96 लाख 79 हजार 341 ने दूसरा डोज और 38 लाख एक हजार 813 लोगों को बूस्टर डोज लगाया जा चुका है।

ट्रक लावारिस छोड़ सामान लेकर चालक फरार

रायपुर/नवप्रदेश। ट्रक चालक ने ट्रक में लोड सामान को लेकर भाग गया और वाहन को लावारिस हालत में छोड़कर भाग गया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वजीरा बाग महाराष्ट्र निवासी प्रार्थी जाकीर साह 29 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी राशिद मोहम्मद खान पेशे से ट्रक चालक है। बताया जाता है कि आरोपी प्रार्थी के ट्रक क्रमांक एमएच 14 जेपी 2499 को चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी ने ट्रक में लोड सामान 10 नग आइफोन, 33 लेपटाप, कैमरा व अन्य सामान को लेकर भाग निकला।